भोपाल

सोमवार, 25 अगस्त 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष –02

वर्ष : 12, अंक : 145

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम

अधि. 26

न्यून. 22


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


आईबी में करीब 30 साल तक सेवाएं दी

### आईपीएस अनीश दयाल बनाए गए डिप्टी एनएसए



**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया गया है और उन्हें आंतरिक मामलों को संभालने का दायित्व सौंपा गया है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नेतृत्व करने से पहले, उन्होंने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में लगभग 30 वर्षों तक शेष पेज 6 पर

डीआरडीओ ने बनाया स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम, ओडिशा तट पर आईएडीडब्ल्यूएस का पहला परीक्षण सफल



# भारत के दुश्मन हवा में उड़ जाएंगे, मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में 'बड़ी' सफलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सैन्य क्षेत्र में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डीआरडीओ ने ओडिशा तट पर आईएडीडब्ल्यूएस की पहली उड़ान का सफल परीक्षण किया।

यह परीक्षण दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। इस परीक्षण में मिसाइलों को लक्ष्य के पीछे उड़ाया गया और मिसाइलें अपने लक्ष्य को हवा में ही मार गिराने में सफल रहीं। यह एक बहु-स्तरीय वायु शेष पेज 6 पर



### क्या है आईएडीडब्ल्यूएस ?

डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) एक ऐसा हथियार है जो लेजर जैसी ऊर्जा का उपयोग करता है। यह हवा में दुश्मन के फाइटर जेट और मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने इस सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और इसे विकसित करने वालों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित करता है।

### कितना मजबूत है भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम?

भारतीय वायु रक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे उन्नत और मजबूत प्रणालियों में से एक है, जो हवाई खतरों जैसे बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, ड्रोनों और हेलिकॉप्टरों से रक्षा करने में सक्षम है। यह मल्टी-लेयर्ड सिस्टम विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न होने वाले खतरों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। भारत का वायु रक्षा तंत्र उन्नत रडार, मिसाइल सिस्टम, और कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटरों के एकीकृत नेटवर्क पर आधारित है, जो इसे अत्यंत प्रभावी बनाता है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज और कल गुजरात दौरे पर



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी आज यानी 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और आसपास के क्षेत्रों में 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क, और रेलवे से जुड़े कार्य शामिल हैं।

### वोटर लिस्ट में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम, जांच शुरू



**नई दिल्ली।** बिहार के भागलपुर में दो पाकिस्तानी महिलाओं का नाम वोटर लिस्ट में पाया गया है। इसकी पुष्टि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान की गई है। गृह मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है और उसका नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों महिलाएं बुजुर्ग हैं और ठीक से बोल नहीं पातीं।

### अनिल अंबानी का अकाउंट फ्रॉड घोषित



**मुंबई।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड घोषित किया है। बैंक ऑफ इंडिया ने फाइलिंग में बताया है कि हमसे लिए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसमें कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी शामिल है।

नई दिल्ली में अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन 2025 का केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने किया उद्घाटन

# बिना 'सार्थक' वाद विवाद के विधानसभाएं 'निर्जीव'

जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ, इसके भयंकर परिणाम देखने पड़े

*अमित शाह ने कहा कि हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद और विधानसभाएं लोकतंत्र की असली ताकत हैं। जब सदन में रचनात्मक चर्चा होती है और कानून बनाए जाते हैं, तभी देश की दिशा और आने वाला कल तय होता है। लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सत्र विपक्ष के विरोध के चलते बार-बार बाधित हुआ और सत्र के दौरान काफी कम काम हुआ।

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित बहस या चर्चा होती है, तो इससे राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र में बहस होनी ही चाहिए। लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक शेष पेज 6 पर




### संसद और विधानसभा सिर्फ इमारत नहीं

शाह ने कहा कि संसद और विधानसभा सिर्फ इमारत नहीं हैं। अगर इनमें भावनाओं और सार्थक चर्चा का अभाव हो जाए तो ये भवन बेमायने हो जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए पूरे सत्र को बाधित करना लोकतंत्र के लिए सही परंपरा नहीं है। प्रतीकात्मक विरोध का महत्व है, लेकिन लगातार कामकाज ठप करना देशहित के खिलाफ है।

### लाइब्रेरी के महत्व पर भी दिया जोर

अमित शाह ने इस मौके पर संसदीय नियमों के बेहतर इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तर, विशेष चर्चा, विश्वास प्रस्ताव, बजट बहस और प्राइवेट मेंबर बिल जैसे प्रावधानों का पूरा उपयोग होना चाहिए। इसके शेष पेज 6 पर

### गृह मंत्री ने विट्ठलभाई पटेल को किया याद

गृह मंत्री ने आजादी के बाद से भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सराहना की और कहा कि 'यहां लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सत्ता परिवर्तन के दौरान खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है, जबकि कई देशों में लोकतांत्रिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। शाह ने संसद के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि '100 साल पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को लोकसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे भारत के विधायी इतिहास की शुरुआत हुई।' शाह ने कहा कि 'अगर देश को आजादी दिलाना अहम था तो लोकतंत्र की स्थापना और विधायी प्रक्रियाओं की स्थापना भी उतनी ही महत्वपूर्ण काम है।' विट्ठलभाई पटेल ने कठिन समय में भी लोकतंत्र की स्थापना शेष पेज 6 पर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बड़ा बयान

# रूस पर दबाव बनाने के लिए ट्रंप ने भारत पर लगाया सेकंडरी टैरिफ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस पर आक्रामक आर्थिक दबाव बना रहे



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को यूक्रेन पर बमबारी रोकने के लिए आक्रामक आर्थिक दबाव का रुख अपनाया है, जिसमें भारत पर सेकेंडरी टैरिफ़ लगाना भी शामिल है। एक कार्यक्रम 'मीट द प्रेस' में जेडी वेंस ने कहा कि इन कदमों का मकसद रूस की तेल अर्थव्यवस्था से होने वाली आमदनी को कम करना है, ताकि वह युद्ध जारी न रख सके। वेंस ने भरोसा जताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया मुलाकात के बाद पैदा हुई संभावित अड़चनों के बावजूद अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। अगर अमेरिका नए प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, तो रूस पर कैसे दबाव बनेगा? आप उन्हें ज़ेलेंस्की के साथ बातचीत की मेज पर कैसे लाएंगे और हमले रोकने के लिए राज़ी करेंगे? इस शेष पेज 6 पर

### चीन बड़ा खरीदार फिर भी नहीं जताई आपत्ति

ट्रंप प्रशासन भारत की रूस से सस्ते कच्चे तेल की खरीद पर लगातार आलोचना करता रहा है, जबकि चीन, जो कि रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है उस पर वॉशिंगटन ने कोई सार्वजनिक आपत्ति नहीं जताई है। हालांकि भारत ने हमेशा ये साफ किया है कि उसकी ऊर्जा ज़रूरतें और खरीद राष्ट्रीय हित और बाज़ार शेष पेज 6 पर

विदेश मंत्री ने दी थी चेतावनी

### आपको आपत्ति है, तो मत खरीदिए

वेंस के बयान से एक दिन पहले शनिवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह अजीब है कि खुद को व्यापार-समर्थक कहने वाला अमेरिकी प्रशासन दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहा है। जयशंकर ने कहा कि यह सचमुच शेष पेज 6 पर

पुजारा ने किया संन्यास का ऐलान

### गंभीर ने कहा- जब तूफान आया तब भी वे डटे रहे



कहा - हर एक अच्छी चीज का एक अंत होता है

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के महान बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। पुजारा ने लिखा कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना, और हर बार मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना... इसे शब्दों में बयां करना नामुमकिन है कि यह कितना खास था, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, हर अच्छी चीज का एक अंत होता है, और शेष पेज 6 पर

एकतरफा प्यार में युवक की हत्या

### जिस चाकू से कटवाया केक, उसी से की हत्या



पुलिस ने 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गुना।** यहां 21 वर्षीय एक युवक ने अपनी बहन को परेशान करने वाले एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने वही चाकू का इस्तेमाल किया, जिससे उसकी बहन ने कुछ दिनों पहले अपने जन्मदिन का केक काटा था।मृतक युवक अनिल लगातार आरोपी अभिषेक टिंगा की बहन से संपर्क में था और उस पर दबाव डाल रहा था। वह उसे शादी के लिए कहता था और सोने-चांदी के गहने देने का वादा करता था। इसके शेष पेज 6 पर

2 बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़

### 30 करोड़ की हेरोइन और मारिजुआना जब्त, 3 दबोचे



दिल्ली एयरपोर्ट और नंद नगरी के मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक साथ दो बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। कस्टम विभाग और दिल्ली पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई में कुल 30 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन और मारिजुआना बरामद की गई है। दोनों मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक यात्री दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पकड़ा गया, जबकि दो महिलाओं को नंद नगरी इलाके से हिरासत में लिया गया शेष पेज 6 पर

सास गिरफ्तार, पति को 14 दिन की हिरासत में भेजा

# दहेज के लिए पत्नी की जिंदा जलाकर हत्या की, गिरफ्तार

निक्की मर्डर केसः आरोपी पति का एनकाउंटर, पैर में गोली लगी

एजेंसी ▶▶ नोएडा





ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए पत्नी निक्की को जलाकर मारने वाले पति विपिन की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी विपिन के पैर में गोली लगी है। वह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने पीछा किया लेकिन विपिन रुका नहीं, जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई जो विपिन के पैर में शेष पेज 6 पर

एनकाउंटर के बाद बोला पति मुझे कोई पछतावा नहीं



### ससुराल वालों ने मांगे थे 35 लाख

कंचन (29) और निक्की (27) की शादी दिसंबर 2016 में सिरसा गांव के रहने वाले रोहित और उसके भाई विपिन से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और सभी सामान दिया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल के लोग 35 लाख रुपए की मांग करने लगे। शेष पेज 6 पर

स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रेमानंद महाराज को दिया चैलेंज

# अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि वे प्रेमानंद महाराज को चमत्कारी संत नहीं मानते। रामभद्राचार्य ने उन्हें खुला चैलेंज देते हुए कहा कि अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो उनके सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं। या वे मेरे कहे गए संस्कृत श्लोकों का अर्थ समझा दें। वो तो मेरे बालक के समान हैं। शास्त्र जिसको आए वो चमत्कार है। डायलसिस के ऊपर वो जी रहे हैं। मैं न तो उन्हें विद्वान कह रहा हूं और चमत्कारी। इतनी लोकप्रियता थोड़ी दिनों के लिए ही होती है।

ये लोकप्रियता थोड़े दिन के लिए ही



### कौन हैं प्रेमानंद महाराज?

प्रमानंद महाराज का असली नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे है। इनका जन्म 30 मार्च 1969 को उत्तर प्रदेश के कानपुर के सरसौल गांव में हुआ। इस समय वे वृंदावन में रहते हैं, जहां उन्होंने 2016 में श्री हित राधा केली कुञ्ज ट्रस्ट स्थापित किया। यह तीर्थयात्रियों और जरूरतमंदों को खाना, आवास, चिकित्सा की सेवाएं देता है। उनकी शिक्षाएं भक्ति, गुरु का महत्व, साधारण जीवन, प्रेमपूर्ण सेवा शेष पेज 6 पर

भोपाल समेत 30 जिलों में गिरा पानी, तीन दिन बाद फिर बनेगा नया सिस्टम

# सतना में बाढ़ के हालात, डिंडौरी-अमरपुर मार्ग बंद, घाट डूबे श्योपुर में गर्भवती महिला को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अभी भारी से अति भारी और मध्यम बारिश का दौर जारी है। रविवार को भी सुबह से शाम तक एक दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से तेज बारिश हुई। बारिश का यह सिलसिला अब पूरे अगस्त में चलने की उम्मीद है।

वर्तमान में प्रदेश में लो प्रेशर एरिया और दो सकुर्लेशन के साथ ही मानसून ट्रफ भी गुजर रही है, जिससे बारिश का दौर चल रहा है। रविवार को डिंडौरी में नर्मदा नदी उफान पर रही। इससे नर्मदा किनारे शेष पेज 6 पर

चित्रकूट में तेज बहाव के चलते गुप्त गोदावरी गुफा बंद कराई गई



श्योपुर में महिला का रेस्क्यू करती टीम

### तवा डैम के गेट 5 फीट तक खुले

इटारसी के तवा डैम के गेट रविवार को भी खुले। तीन गेटों को 5 फीट तक खोला गया है, जिनसे करीब 25,000 क्यूसेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा है। डैम का जलस्तर 1163.70 फीट दर्ज किया गया है।

### आज यहां फ्लैश फ्लड का खतरा

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक भिंड, ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी और श्योपुर जिलों में तेज बारिश से अचानक बाढ़ का खतरा हो सकता है। रविवार को छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, शिवपुरी, मंडला, बालाघाट सहित एक दर्जन जिलों में मध्यम बारिश हुई। भोपाल में रुक रुककर रिमझिम का दौर चला।

सत्यमेव जयते | मध्यप्रदेश शासन

# सबके लिए सुलभ होतीं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## श्योपुर, सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण

## पीपीपी मॉडल पर धार, बैतूल, पन्ना एवं कटनी चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षर

## 8 लाख वय वंदना कार्ड वितरण

एवं

- स्मार्ट चैटबॉट 'आयुष्मान सखी' का शुभारंभ
- आशा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ
- मातृ गर्भावस्था आहार प्रचार सामग्री एवं मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का विमोचन
- स्वस्थ यकृत मिशन में 1 करोड़ स्क्रीनिंग की उपलब्धि

मुख्य अतिथि
**जगत प्रकाश नड्डा**
केन्द्रीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

25 अगस्त, 2025 | अपराह्न 2:30 बजे
नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र, घंटाघर, जबलपुर

स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक कोने तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें, हर जिले में मेडिकल कॉलेज हों, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण के साथ पर्याप्त स्वास्थ्य अमला भी सुनिश्चित हो।

\- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11088/25

- उपचार की उच्च स्तरीय सुविधा और सभी विशेषज्ञ OPD/IPD सेवाएं
- जिला चिकित्सालयों का सुदृढ़ीकरण
- प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई प्राप्त करने का अवसर
- रोज़गार के नये अवसरों का सृजन



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश
आकल्पन : म.प्र. माध्यम



## घने बादलों के बीच रिमझिम

# शहर का दिन का पारा 1.4 बढ़कर 28 और रात में एक डिग्री गिरकर 23 डिग्री के करीब पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में रविवार को दिनभर घने बादल और रुक-रुककर रिमझिम का मौसम रहा। पिछली रात शहर में 19 मिमी बारिश हुई, जिससे रात का पारा एक डिग्री गिरकर गया, जबकि दिन में बारिश और बादलों के बावजूद करीब डेढ़ डिग्री की बढ़त रही। दिन का पारा 1.4 डिग्री बढ़कर 27.6 डिग्री रहा, जबकि रात का दशमलव 8 डिग्री गिरकर 22.6 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी शहर में मौसम ऐसा ही रहेगा।

### देर शाम फिर शुरू हुई बारिश

शहर में देर शाम को मध्यम बारिश का दौर शुरू हुआ। सुबह से शाम 5:30 बजे तक मामूली रिमझिम रही। देर शाम 9 बजे के बाद बौछारों का दौर शुरू हुआ, जो रुक - रुककर कभी बौछारें तो कभी रिमझिम का सिलसिला रात भर जारी रहा। इससे रात के तापमान में और कमी आने की उम्मीद है।

### अब सामान्य के करीब पहुंच रहा आंकड़ा

मौसम केंद्र के अनुसार शहर में एक जून से रविवार तक कुल 810 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से अब केवल 9 मिमी कम है। अगले एक सप्ताह में बारिश का आंकड़ा सामान्य के करीब आने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश के उत्तर पूर्वी हिस्सों में लो प्रेशर एरिया था, जो अब कमजोर हो रहा है। लेकिन मानसून ट्रफ और आसपास सकुर्लेशन से बारिश का दौर भोपाल में भी अभी कुछ दिन जारी रहेगा। इससे तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। बुधवार से एक नया सिस्टम बनने से बारिश का दौर और लंबा खिंचेगा।



## खबर संक्षेप

### सात आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों को मान्यता नहीं

**भोपाल।** मप्र के सात समेत देशभर के 50 होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज तथा 16 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों को नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथिक व नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन ने सत्र 2025-26 स्नातक के लिए मान्यता पर रोक लगा दी है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयुष के इन 66 कॉलेजों में शासकीय व निजी कॉलेज दोनों शामिल हैं।

### बीयू: बीएड का 27 का पेपर अब 12 सितंबर को

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने बीए बीएएड और बीएससी बीएएड के चतुर्थ सेमेस्टर के एक पेपर की तारीख बदल दी है। बीयू के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बीए बीएड एवं बीएससी बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर का 27 अगस्त को (हिंदी लिट./ अंग्रेजी लिट. / मराठी लिट./ उर्दू लिट. / फिजिक्स और बॉटनी) का पेपर अब 12 सितंबर को होगा।

### 600 छात्र-छात्राओं को दी शैक्षणिक सामग्री

**भोपाल।** सेवा भारती महानगर अंतर्गत तीन मंडलों के सेवा बस्तियों के 600 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, शैक्षणिक सामग्री और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने सेवा भारती के प्रयासों की सराहना की।

## भर्ती होने वाले मरीज और परिजनों को होटल के वीआईपी सुइट जैसा होगा एहसास

# एम्स में 2200 रुपए में मिलेगा प्राइवेट वार्ड टीवी, सोफा, एसी के साथ घर जैसी सुविधा

*एम्स में बिना तनाव के मरीज अच्छे माहौल में रहेंगे, जल्द सेहतमंद भी होंगे*

*वार्ड में होंगे तीन कमरे गेस्ट के लिए अलग रूम*

काम की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के प्राइवेट वार्ड में दो हजार दो सौ रुपए में मरीजों को घर जैसी सुविधाएं मिलेगी। एम्स में खास प्राइवेट वार्ड तैयार किए गए हैं, वार्ड में तीन कमरे हैं। जिसमें गेस्ट के रुकने के लिए भी अलग से कमरा है। यहां हर कमरे में सोफा, टीवी, एसी से लेकर हर जरूरी सुविधाएं शामिल हैं।

प्रबंधन के अनुसार भर्ती होने वाले मरीजों को किसी होटल के वीआईपी सुइट जैसा एहसास कराने के लिए ऐसे वार्ड तैयार किए गए हैं। जिससे मरीज जल्द रिकवर हो, बिना तनाव के मरीज अच्छे माहौल में रहे और जल्द ठीक हो जाए। इसका किराया मात्र दो हजार रुपए प्रतिदिन रखा गया है। इससे अधिक चार्ज तो शहर के कई निजी अस्पतालों के जनरल वार्ड के हैं।

### वार्ड के लिए तय नियम व शर्तें

- निजी वार्ड में भर्ती होने के बाद यदि मरीज की तबीयत बिगड़ी तो उसे वहां से आईसीयू या अन्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाएगा।
- सामान्य मरीज को ही यहां भर्ती किया जाएगा। यदि मरीज की हालत गंभीर है तो उसे निजी वार्ड नहीं मिलेगा।
- स्टाफ को शुल्क में 50 फीसदी की छूट होगी व इनके परिजनों को 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- कंसल्टेंट की सलाह पर ही मरीज को प्राइवेट वार्ड मिलेगा।
- यह वार्ड पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मिल रहे हैं।
- शुल्क एडवांस जमा करना होगा।

### अस्पताल में 28 से बढ़ाकर 44 की जा रही वार्डों की संख्या



अस्पताल में वर्तमान में 28 प्राइवेट वार्ड मौजूद हैं। इसके साथ ही 16 नए प्राइवेट वार्ड तैयार किए जा रहे हैं। इसके बाद निजी वार्ड की संख्या 44 हो जाएगी। इनकी शुरूआत इस माह के अंत में होनी है। कुल वार्डों के 30 फीसदी को वीआईपी के लिए रिजर्व रखा जाएगा।

### मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास जारी

एम्स में मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास लगातार जारी है। यह प्राइवेट वार्ड इसी बात का परिणाम हैं। यहां मरीजों को बेहतर इलाज के साथ उनको जल्द रिकवर करने के लिए मानसिक रूप से तनाव से दूर रखने का प्रयास किया जाता है।

-डॉ. माधवानंद कर
प्रभारी निदेशक, एम्स भोपाल

### यूपीआई और कार्ड से भुगतान की सुविधा

एम्स के प्राइवेट वार्ड में शौचालय, टेलीविजन, अलमारी, टेलीफोन सुविधा उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों और परिजनों को घर जैसा आराम मिलता है। सरल लेन-देन के लिए बेड पर ही यूपीआई और कार्ड से भुगतान की सुविधा है। वहीं मेडिसिन रनर्स द्वारा दवाएं भी सीधे बेड तक पहुंचाई जाती हैं, वहीं विशेष रनर्स वार्ड से प्रयोगशाला तक सैंपल पहुंचाते हैं। जांच सुविधा के तौर पर पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से बेड पर ही एक्स-रे कराने की व्यवस्था उपलब्ध है।

### डॉक्टर्स और नर्स की सुविधा 24 घंटे

*प्राइवेट वार्ड में सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय और रात्रि भोजन शामिल है। ये सभी सुविधाएं 2200 रुपए मिलेगी। इसमें परिजनों के लिए भोजन की सुविधा भी शामिल है। माइक्रोवेव, इलेक्ट्रिक केतली और डाइनिंग टेबल की व्यवस्था है। मरीजों की देखभाल के लिए डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम चौबीसों घंटे मौजूद रहती है।*

### आयुष्मान कार्डधारियों का रेलवे अस्पताल में हो सकेगा इलाज

अब रेलवे अस्पतालों में सिर्फ रेलवे कर्मचारियों और उनके परिजन ही नहीं, बल्कि आम जनता भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेगी। पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने प्रमुख अस्पतालों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना से जोड़ दिया है। इसके तहत पात्र आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को यहां कैशलेस और निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। भोपाल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि भोपाल मंडल में संचालित रेल अस्पतालों में सामान्य रोगी रजिस्ट्रेशन करा कर इलाज करा सकेंगे। रेलवे अस्पतालों को सूचीबद्ध किए जाने के बाद अब इनका संचालन और मानिटरिंग संबंधित राज्य की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) करेगी। इससे स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय, सेवाओं की गुणवत्ता और निगरानी सुनिश्चित होगी।

**इन अस्पतालों को किया शामिल**
आयुष्मान भारत योजना के पैनल में पश्चिम मध्य रेलवे के दो-दो अस्पतालों को शामिल किया गया है।
सेंट्रल रेलवे अस्पताल, जबलपुर।
सब-डिविजनल रेलवे अस्पताल, इटारसी।
डिविजनल रेलवे अस्पताल, रतलाम (पश्चिम रेलवे)
सब-डिविजनल रेलवे अस्पताल, सीहोर।

# श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर बैठक, 31 अगस्त को होगा मतदान

## *अध्यक्ष पद के पांचों उम्मीदवारों के साथ की बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

31 अगस्त को श्री हिंदू उत्सव समिति भोपाल (रजि.) के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मतदान होने जा रहा है। इसकी तैयारियों के संबंध में रविवार को बैठक श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर साहू समाज घोड़ा निक्कास में हुई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीसी कोठारी ने की, जिसमें राजधानी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस बैठक से पूर्व डॉ. कोठारी ने अध्यक्ष पद के पांचों उम्मीदवारों के साथ बैठक की और उन्हें शांतिपूर्ण मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही उनके सुझावों पर भी विस्तृत चर्चा की।



### 5 उम्मीदवार मैदान में

इस चुनाव को लेकर वर्तमान में पांच उम्मीदवार मैदान में है। जो प्रचार-प्रसार में जोर-शोर से लगे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में इस बार कैलाश बेगवानी, चंद्रशेखर तिवारी, दीपेश श्रीवास्तव, नारायण कुशवाहा व हेमंत कुशवाह चुनाव मैदान में हैं। सभी ने अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

### सुबह 9 से सायं 5 बजे तक होगा मतदान

डॉ. कोठारी ने बताया कि मतदान का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा, जो कि लालघाटी स्थित गुफा मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। मतदान के पश्चात सायं 6 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, तथा देर रात तक परिणामों की घोषणा की जाएगी।

### बैठक में दायित्व और नियुक्ति पत्र सौंपे

बैठक में डॉ. कोठारी ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने मतदान और मतगणना की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सभी नामित चुनाव 176 अधिकारियों 7 चुनाव पर्यवेक्षकों सहित 5 समन्वयकों को उनके दायित्व सौंपे तथा उन्हें नियुक्ति-पत्र प्रदान किए।

### आरजीपीवी में विवाद के बाद एफआईआर

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक बार फिर छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। वर्चस्व की लड़ाई के चलते कैंटीन में छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें पीड़ित छात्र को चोट आई। जानकारी के अनुसार छात्र पर चाकू से हमला किया गया था। इसके बाद इस मामले की एफआईआर गांधी नगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार आदर्श सिंह नामक छात्र जब कैंटीन के पास पहुंचा, तो वहां अन्य छात्रों ने उस पर हमला कर दिया। जिनके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है, उन्होंने छात्र के साथ अभद्रता की और मारपीट की। इससे उसके हाथ और पेट में चोट आई। उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में आरजीपीवी प्रबंधन का कहना है कि छात्रों के दो गुटों के बीच लड़ाई की बात सामने आई है। इसमें आलोक यादव नामक छात्र को भी चोट आई। छात्रों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बहन ने आवाज लगाई तो मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रुकवा कर ठेले से खरीदे भुट्टे, बच्चों का किया दुलार

## *बिना ट्रैफिक अवरुद्ध किए काफिला रुकवाया, लाड़ली बहन से किया संवाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आम जनता के साथ फिर संवेदनशील व्यवहार दिखाई दिया। रविवार को राजधानी के भदभदा पुल के पास उन्होंने अपना काफिला रूकवाया और भुट्टे का स्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार भदभदा पुल से जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निकल रहे थे तो तभी एक लाड़ली बहन ने उन्हें आवाज दी और कहा कि सीएम साहब भुट्टे लेते जाओ। आवाज सुनकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपना काफिला रुकवाया। इसके बाद बिना ट्रैफिक अवरुद्ध किए उन्होंने ठेले पर भुट्टे बेच रही महिला से भुट्टे खरीदे। इस दौरान उन्होंने लाड़ली बहन से कुशलक्षेम पूछी और भुट्टे का स्वाद लिया। इस दौरान उपस्थित मुस्लिम बहन और नागरिकों से भी चर्चा की। बच्चों को दुलार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कई भुट्टे खरीदे और उन्हें साथ भी ले गए।





### लाड़ली बहन से पूछी कुशलक्षेम

राजधानी के भदभदा पुल पर लाड़ली बहन की आवाज सुनकर सीएम डॉ. मोहन यादव ठेले पर पहुंचे और भुट्टे खरीदे। इस दौरान लाड़ली बहन से कुशलक्षेम पूछा। इसके अलावा मुस्लिम बहन से चर्चा की और उसके बच्चे को दुलार किया।



सुपारी देने वाले आरोपी की तलाश कर रही है तलैया थाना पुलिस, गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा

# पांच हजार की सुपारी लेकर लगाई थी गाड़ियों में आग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित गिन्नौरी इलाके में 22 दिन पूर्व सेंट्रो समेत अन्य गाड़ियों में आग लगाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिन्नौरी इलाके में रहने वाले एक युवक ने ही बाबई नर्मदापुरम के एक बदमाश को पांच हजार रुपए सुपारी देकर आग लगवाई थी। पुलिस ने आग लगाने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि सुपारी देने वाला आरोपी फरार हो गया।

पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक ढेरपुरा कमला पार्क तलैया निवासी ओसामा अली (43) ने विगत तीन अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि किसी अज्ञात बदमाश ने गिन्नौरी ढलान



संजीवनी अस्पताल की बाउंड्री के पास खड़ी गाड़ियों में आग लगाई है। पुलिस ने आगजनी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास मकानों व रास्तों पर लगे करीब 125 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए।

फुटेज से मिले सुराग के आधार पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। विगत 24 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि संजीवनी अस्पताल के पास सेंट्रो कार समेत अन्य वाहनों में आग लगाने वाला संदिग्ध खानूगांव चौराहे के पास दुकान पर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज में दिखे संदिग्ध व्यक्ति के हुलिए वाला शख्स मोटरसाइकिल लिए खड़ा मिला। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम बादशाह खान (30) निवासी खानूगांव कोहेफिजा का होना बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने विगत दो अगस्त की रात गाड़ियों में आग लगाने की बात कुबूल कर ली। पुलिस ने आरोपी बादशाह खान को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी मूलरूप से बाबई का रहने वाला है और थाना बाबई जिला नर्मदापुरम में उसके खिलाफ दुष्कर्म और नकबजनी के प्रकरण दर्ज हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

*भोपाल। बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास रहने वाले एक युवक ने फांसी लगा ली। उसकी लाश रविवार शाम करीब चार बजे फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार हीरो बालचंदानी (42) बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बैरागढ़ में रहता था। उसकी शादी नहीं हुई है। वह अकेला रहता था। बताया जाता है कि करीब छह महीने से वह बेरोजगार था। रविवार शाम करीब चार बजे आसपास के लोगों ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। पुलिस को घटनासथल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।*

पड़ोसी पहुंचे तब छोड़ा, मोबाइल और एटीएम कार्ड छीनकर भागे

# रिटायर्ड डीएसपी को रस्सी से बांधकर पत्नी और बेटों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी में भौती थानांतर्गत चंदावनी गांव में एक रिटायर्ड डीएसपी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उनके साथ मारपीट पत्नी और दो बेटों ने मिलकर की।

इस दौरान उनका मोबाइल और एटीएम कार्ड भी छीन लिया गया। पड़ोसी जब उनकी मदद के लिए पहुंचे तो पत्नी और बेटे वहां से भाग खड़े हुए। हालांकि पीड़ित डीएसपी ने पुलिस को घटनाक्रम के संबंध में थाने में आवेदन दिया है, लेकिन वो इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराना चाहते। उन्होंने पुलिस से केवल अपना मोबाइल, एटीएम वापस दिलाने की गुजारिश की है। विगत 31 मार्च को श्योपुर जिले से सेवानिवृत्त होने के बाद 64 वर्षीय प्रतिपाल सिंह यादव अब शिवपुरी के भौती यानी अपने गांव आकर रहने लगे हैं। उनको सेवानिवृत्त होने पर इपीएफ की 20 लाख रुपए की राशि मिली है, जबकि करीब 33 लाख रुपए और मिलना बाकी हैं। पत्नी माया यादव बच्चों के साथ पिछले करीब 15 साल से झांसी में अलग रह रही है। सेवानिवृत्त होने के बाद जब डीएसपी को ईपीएफ की राशि मिली तो उनकी पत्नी अपने दोनो बेंटों आकाश और आभास के साथ चंदावनी गांव पहुंची। इस दौरान तीनों ने मिलकर उनको पकड़ लिया। एक बेटे ने छाती पर पैर रख दिया, जबकि दूसरा रस्सी से बांधने लगा और उनके साथ मारपीट की। साथ ही डीएसपी को जबरन झांसी ले जाने की कोशिश भी की। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी जब पहुंचे तो उन्होंने डीएसपी को छोड़ दिया और उनका मोबाइल और एटीएम लेकर भाग खड़े हुए। एफआईआर के कारण बेटों का भविष्य खराब न हो, इसलिए डीएसपी ने एफआईआर कराने की जगह केवल अपना मोबाइल, एटीएम वापस दिलाने का आवेदन थाने में दिया है। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस डीएसपी द्वारा दिए गए आवेदन के संबंध में जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 190 नेत्र रोगियों ने कराई जांच

**संतनगर।** राजधानी के छोला रोड स्थित गणेश मंदिर में आज सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और भोपाल उत्सव मेला समिति के संयुक्त प्रयास से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ देवी-देवताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ समिति पदाधिकारियों और सेवा सदन की टीम द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 190 रोगियों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 55 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया।

### तस्कर से चार किलो दो सौ ग्राम गांजा जब्त



**भोपाल।** बैरसिया पुलिस ने दशहरा मैदान के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से चार किलो दो सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि किसी दो अन्य व्यक्तियों की मदद से उसने गांजा खरीदा था और उसे पुड़िया बनाकर बेच रहा था। आरोपी पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस मुखबिर की सूचना के बाद दशहरा मैदान पर घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसकी पहचान नर्मदा प्रसाद उर्फ नब्बा सिलावट पिता मुंशीलाल सिलावट (47) वार्ड नंबर-13, सिलावटपुरा, बैरसिया के रूप में की गई। आरोपी की तलाशी लेने पर चार किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद प्रतिभागी की तबीयत बिगड़ी, मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ग्राउंड पर शनिवार सुबह शारीरिक परीक्षा देने के बाद एक प्रतिभागी की तबीयत बिगड़ गई। उसे कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया, वहां से भाई उसे सागर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। गोविंदपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुनील गुर्जर पिता हरिचरण गुर्जर (24) गांव बोड़दा, तहसील चाचौड़ा, जिला गुना का रहने वाला था। शनिवार सुबह सीआईएसएफ ग्राउंड पहुंचा था। सीआईएसएफ ग्राउंड में जनरल ड्यटी (जीडी) का शारीरिक दक्षता टेस्ट चल रहा है। वहां दौड़ लगाने के बाद वह ग्राउंड में बैठा था। उसे घबराहट के साथ चक्कर आने लगे। वहां मौजूद स्टाफ कस्तूरबा अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां सुनील का भाई राहुल गुर्जर भी मौजूद था। राहुल अपने भाई सुनील को सागर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उसकी मौत हो गई।

मोबाइल पर दी थी धमकी, नहीं पहुंचे तो देखोगे मरा हुआ मुंह


# तीन महीने से साथ रह रही युवती ने लिव इन पार्टनर को कॉल कर बुलाया, नहीं आने पर लगा ली फांसी

- परिजन ने बताया कि बेटी के लिव इन रिलेशन में रहने की जानकारी थी, वह जिद्दी स्वभाव की थी
- मृतक तान्या के परिजन ने सौरभ पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा छावनी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह करीब तीन महीने से लिव इन रिलेशन में रह रही थी। आत्महत्या से पहले उसकी लिव इन पार्टनर से कहासुनी हुई थी।

उसने कहा था कि यदि तत्काल घर नहीं लौटे तो मेरा मरा हुआ मुंह देखोंगे। इसके बाद उसने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। लिव इन पार्टनर ने उसे कॉल किया तो उसने कॉल रिसीव नहीं किया। पुलिस के अनुसार तान्या सूर्यवंशी पिता लाल साहब सूर्यवंशी (19) दालमील, लहारपुर रोड, बरखेड़ा पठानी में रहती थी। वह प्राइवेट जॉब करती थी। करीब



तीन महीने से वह मोहल्ले में रहने वाले सौरभ राठौर के साथ शाहपुरा छावनी धर्मपाल के मकान में लिव इन रिलेशन में रह रही थी। शनिवार दोपहर सौरभ तान्या से कहकर आया था वह मां से मिलने जा रहा है। रात में तान्या ने उसे कॉल किया कि घर लौट आओ। इस पर सौरभ ने कहा कि मैं सुबह लौटूंगा। इस पर तान्या ने कहा कि माता-पिता के पास क्या रखा है, जल्दी घर पहुंचो। कल सुबह चलकर जॉब सर्च करेंगे। सौरभ ने कहा कि रविवार सुबह वह गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी तलाश करने के बाद शाहपुरा आ जाएगा। इसी बात को लेकर तान्या और सौरभ की मामूली कहासुनी हुई और तान्या ने यह कहते हुए मोबाइल डिस्कनेक्ट कर दिया कि यदि घर नहीं पहुंचे तो मेरा मरा हुआ मुंह देखोगे।

### दो बजे रात में शाहपुरा छावनी पहुंचा सौरभ

*कॉल डिस्कनेक्ट होने के बाद सौरभ ने तान्या को कॉल किया था, लेकिन तान्या ने रिसीव नहीं किया। अनहोनी की आशंका होने पर सौरभ शाहपुरा छावनी पहुंचा तो दरवाजा भीतर से बंद था। उसने खिड़की से झांककर देखा तो तान्या रोशनदान की लोहे की जाली पर दुपट्टे के फंदे पर लटकी नजर आई। सौरभ ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। रविवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन ने बताया कि बेटी के लिव इन रिलेशन में रहने की जानकारी उन्हें थी। वह जिद्दी स्वभाव की थी। तान्या के परिजन ने सौरभ पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं।*

## जेल से जमानत पर छूटे युवक के घर पहुंची प्रेमिका ने किया हंगामा, दुखी होकर युवक ने लगाई फांसी

### दुष्कर्म पीड़िता समेत दो महिलाओं पर मामला दर्ज, दोनों गिरफ्तार

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र के पुतलीघर इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात होटल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब एक महीने पहले उसकी प्रेमिका ने उसके खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। एक दिन पहले होटल संचालक जमानत पर जेल से छूटा था। देर रात प्रेमिका स्टेशन बजरिया क्षेत्र के निगरानी बदमाश की पत्नी के साथ उसके घर पहुंची और हंगामा कर दिया। हंगामे के दौरान प्रेमिका ने उसे जेल तक पहुंचाने की धमकी दी थी। परिजन ने आरोप लगाया कि प्रेमिका और बदमाश की पत्नी से प्रताड़ित होकर उसने यह कदम उठाया है। जांच के बाद पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता और बदमाश की पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस के ने बताया कि पुतलीघर टीला जमालपुरा निवासी फैजान हुसैन उर्फ गोल्डन (25) चाय-नाश्ते की होटल का संचालन करता था। करीब एक माह पूर्व उसकी कथित प्रेमिका (22) ने उसके खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कराया था। प्रेमिका का आरोप था कि जब वह



नाबालिग थी, तब से फैजान उससे दुष्कर्म करता आ रहा है। उसने शादी करने का वादा किया था, लेकिन शादी नहीं की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। शुक्रवार 22 अगस्त को कोर्ट से जमानत होने के बाद फैजान जेल से छूटा था। पुलिस ने बताया कि फैजान के जेल से छूटते ही दुष्कर्म पीड़िता (प्रेमिका) ने घर पहुंचकर हंगामा किया। प्रेमिका फैजान पर जल्द ही निकाह करने का दबाव बना रही थी। उसने धमकी दी थी कि वह उसे जेल भिजवा देगी। उसने फैजान के साथ हाथापाई भी की। परिजनों का आरोप है कि स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश दानिश की पत्नी भी फैजान को प्रताड़ित कर रही थी। उसके बाद ही जेल जाने के डर से फैजान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**पांच लाख लेकर किया राजीनामा :** मृतक फैजान के भाई सलमान हुसैन का कहना है कि पांच लाख रुपए लेकर प्रेमिका ने राजीनामा किया और गवाही दी। उसके बाद ही फैजान को जमानत मिली। फैजान के घर आते ही प्रेमिका घर पहुंच गई और जेल भेजने की धमकी देकर शादी करने का दबाव बनाने लगी। उसने धमकी दी कि यदि शादी नहीं की तो गोली से मरवा देंगे। फैजान के साथ मारपीट की। वह बुरी तरह डर गया था। प्रताड़ना से परेशान होकर ही उसके भाई ने आत्महत्या की है। पुलिस ने सलमान हुसैन की शिकायत पर कथित प्रेमिका और निगरानी बदमाश दानिश की पत्नी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी हुजूर रक्षाबंधन उत्सव में हुए शामिल

# जहां नारी का सम्मान, वहीं ईश्वर का वासः डॉ. महेंद्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोपरि है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं ईश्वर का वास होता है। माताओं और बहनों के आशीर्वाद के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होता। आज यदि विधायक रामेश्वर शर्मा जैसे नेता जनसेवा में सफल हैं, तो वह मातृशक्ति के आशीर्वाद का ही परिणाम है। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने हुजूर विधानसभा के रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व सामाजिक सुरक्षा और सामूहिक एकता का प्रतीक है। मातृशक्ति का सम्मान हमारी संस्कृति की नींव है। बैरागढ़ स्थित गल्ला मंडी परिसर में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में सांसद आलोक शर्मा भी शामिल हुए। इस अवसर पर हजारों बहनों ने रामेश्वर शर्मा को स्नेह की डोर बांधकर आर्शीवाद दिया।

### हिंदू को एकजुट होकर लव जिहाद, ड्रग जिहाद से लड़ना होगाः रामेश्वर

*रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भोपाल में लगातार लव जिहाद और ड्रग जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। यह हिंदू समाज के लिए चिंता की बात है। रामेश्वर ने कहा कि हमें एकजुटता के साथ इन जिहादियों से लड़ना होगा। विकास और कल्याण के कार्य केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। सड़क, बिजली, पानी तो सरकार दे सकती है पर बच्चों में संस्कार देना यह हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल एवं जिला महामंत्री जगदीश यादव उपस्थित रहे।*

## पटवा ने किया निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औनेदुल्लागंज

मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं युवा नेता जीतू नंदवंशी ने बताया कि रविवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने औबेदुल्लागंज में निर्माण आधीन ऑडिटोरियम का निरिक्षण किया। इस अवसर पर प्रशासनिक आमले को निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।



## नारी शक्ति ने गणेश चौराहा पर किया रामसत्ता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औनेदुल्लागंज

गणेश चौराहा वार्ड 10 में रविवार को रामसत्ता आयोजित की गई। रामसत्ता पूजा लोधी, आरती यादव, समस्त भोजपुर नारी शक्ति महिला मंडल ने सहयोग किया गया। नारी शक्ति के अध्यक्ष आरती यादव, कौशल्या लोधी, चतुर माझी, सुजाता रैकवार, ममता लोबानिया, अनिता कुशवाहा, वार्ड 10, 11, 12 की महिलाओं ने सहयोग किया।



पुलिस ने कई ग्रामीण क्षेत्रों में की छापामार कार्रवाई

## आबकारी विभाग ने जब्त की 35 हजार की अवैध शराब, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औनेदुल्लागंज

आबकारी विभाग के गौरव भद्रसेन ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध पूरे रायसेन जिले मे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत रविवार को आबकारी विभाग द्वारा 7 प्रकरण दर्ज कर 35 हजार से अधिक की अवैध शराब जब्त की। पुलिस ने मौके से 6 आरोपी को भी गिरफ्तार किया एक फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

आबकारी विभाग और पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को ग्राम रमगढ़ा, नारद्खेड़ा, कुटनासिर, भारकच्छ, गौरा मछवाई, गुगलवाडा, बरोदिया कलां, सनखेडा एवं सेमरी में दबिश देकर कुल 7 आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34-1 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। गौमती बाई, डाक्टर मुन्नू, मुकेश चौहान, सरिता अहिरवार, रज्जो बाई अहिरवार एवं राजेश चौहान को मौके से गिरफ्तार किया। वहीं एक आरोपी बडोदिया निवासी सचिन





छोटे चौहान मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आरोपियों से 80 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा, 129 पाव देशी मसाला मदिरा, 40 पाव देशी प्लेन मदिरा, 17 वोल्ट केन बीयर जब्त किया है। इस कार्रवाई में कुल 35,545 रुपए की शराब जब्त की।

## बर्खास्त कर्मचारी ने फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी हासिल करने का किया प्रयास, केस दर्ज

**भोपाल।** एमपी नगर पुलिस ने केंद्रीय मुद्रानालय के रीडर की शिकायत पर बर्खास्त कर्मचारी और उसकी सहयोगी पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि कर्मचारी को 2019 में किन्ही कारणों से बर्खाशत किया था। दो साल बाद 2021 में कर्मचारी ने दौबारा नौकरी पाने का प्रयास किया और दस्तावेज प्रस्तुत किए थे।

दस्तावेज की जांच करने पर पता चला कि दस्तावेज नकली है। रीडर ने दस्तावेज की कॉपी के साथ पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने बर्खाशत कर्मचारी और उसकी परिचित महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार संतोष रैकवार, केंद्रीय मुद्रानालय में रीडर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि केंद्रीय मुद्रानालय में नौकरी करने वाले अमृत धोटे को बर्खाशत कर दिया था। वर्ष 2021 में अमृत धोटे ने परिचित रेखा जैन की मदद से नाम परिवर्तन का नोटिफिकेशन और दस्तावेज प्रस्तुत किए।

मॉडल यूनाइटेड नेशन्स संस्करण 2.0 का समापन

# दो दिन आयोजन में युवा नेताओं की अटूट प्रतिबद्धता देखने को मिली, वैश्विक मुद्दों पर किया सार्थक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने भव्यता के साथ सफल मॉडल यूनाइटेड नेशन्स संस्करण 2.0 का समापन किया। जो प्रेरणा, सहयोग और उत्कृष्टता के एक यादगार अध्याय का प्रतीक है।

दो दिवसीय आयोजन में युवा नेताओं की अटूट प्रतिबद्धता देखने को मिली, जिन्होंने महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गंभीर बहस और सार्थक संवाद में भाग लिया। आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस, सम्मेलन में राज्य भर के प्रतिष्ठित

### विद्यार्थी जागरूक, जिम्मेदार परिवर्तनकर्ता बनेंः डॉ.डालिमा



स्कूलों और कॉलेजों से लगभग 350 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। देशभर से आए कार्यकारी सदस्यों ने भी सम्मेलन में भाग लेकर अपने अनुभव और मार्गदर्शन से आयोजन को समृद्ध किया। यह सम्मेलन छात्रों के लिए वैश्विक मुद्दों पर चर्चा, संवाद और कूटनीतिक कौशल प्रदर्शित करने का एक प्रभावी मंच बना। बयानबाजी से परे, प्रतिनिधियों ने देश के महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों को भी संबोधित किया। प्राचार्या डॉ. परवानी ने छात्रों से आग्रह किया कि वे कूटनीति की इस भावना को आगे बढ़ाएं और जागरूक, जिम्मेदार परिवर्तनकर्ता बनें। अयोजन भागीदार मानस डोलानी ने कहा कि छात्रों को वैश्विक मंच पर विचार रखने का यह अवसर उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्रद्धालुओं ने 40 दिवसीय उपवास का किया पारण, भंडारे में उमड़े लोग

# झूलेलाल चालीहा के समापन पर निकाली शोभायात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

झूलेलाल चालीहा के समापन के अवसर पर रविवार को झूलेलाल कल्याणम सेवा समिति द्वारा मुख्य मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में नरेश ज्ञानचंदानी मुख्य अतिथि। उन्होंने शिव पार्वती और संत हिरदाराम की नई मूर्ति स्थापना पर दीप प्रज्वलित किया। समापन के अवसर पर विशाल शोभायात्रा भी निकाली।

इस अवसर पर झूलेलाल चालीहा समारोह के समापन पर भगवान झूलेलाल की आरती की, जिसमें भगवान झूलेलाल से समाज, देश और विश्व के कल्याण



के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु व 40 दिन उपवास रखने वाले भाई बहन भी बड़ी संख्या में स्थित थे। समिति के राम पारदासानी, राजकुमार वाधवानी, रमेश रामचंदानी, नरेश पारदासानी, पार्षद अशोक मारन, घनश्याम लालवानी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूल माली समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# उज्जैन में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी हरसंभव मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है।

उन्होंने कहा कि बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के 16 वें राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले फूल माली समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को मंच से प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया।

### खास बातें

- बागवानी संवर्धन और फ्लॉवर डेकोरेशन को बढ़ावा दे रही हमारी सरकार
- बच्चे देश की धरोहर, इनकी प्रतिभाओं को संवारना हम सबका दायित्व
- भोपाल स्थित हिन्दी भवन में हुआ आयोजन



### फूल माली समाज ने परिश्रम, लगन और कर्मठता से बनाई एक अलग पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल माली समाज ने अपने परिश्रम, लगन और कर्मठता से एक अलग पहचान बनाई है। समाज के बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश में भी नाम रोशन किया है। ऐसे होनहारों का सम्मान करना वास्तव में हम सबके लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं को कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वे बड़ा करने का सपना देखें। सपने पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में समाज की धर्मशाला के निर्माण के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही। फूल माली समाज के प्रादेशिक पदाधिकारी हरिनारायण माली ने बताया कि समाज का यह 16 वां प्रतिभा सम्मान समारोह है। समाज की गतिविधियों के विस्तार के लिए सरकार का साथ चाहिए। समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे। पुलिस की भर्तियां भी जारी हैं। इस साल 7500 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। पुलिस की भर्ती के लिए अलग से पुलिस भर्ती बोर्ड भी बनाया जा रहे हैं। अगले तीन साल में हर साल 7500 पदों पर भर्ती कर हम पुलिस विभाग के सभी रिक्त पदों की पूर्ति कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल-माली समाज के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पुष्प कलाकारी (फ्लॉवर डेकोरेशन) को बढ़ावा दे रही है। अभी हाल ही में जन्माष्टमी में सरकार ने सभी कृष्ण मंदिरों में पुष्प सज्जा के लिए आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किए। उन्होंने कहा कि पुष्प और संस्कार दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस तरह फूल सभी को प्रिय हैं, उसी प्रकार फूल-माली समाज भी सबका प्रिय है।

## राजधानी में शीघ्र होगा कीर समाज की राज्य स्तरीय पंचायत का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो समाज संगठित होकर कार्य करता है, वह इतिहास बनाता है। कीर समाज को भगवान श्रीराम की चरण रज प्राप्त हुई और समाज बंधुओं ने भगवान श्रीराम को भवसागर पार करवाया। उस समाज ने बदले में भगवान श्रीराम से कुछ नहीं मांगा। बस जीवन की वैतरणी पार करने का आशीर्वाद मांगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कीर समाज की एक राज्य स्तरीय पंचायत शीघ्र ही राजधानी में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास से उज्जैन में हुए कीर समाज के महासम्मेलन को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीर समाज ने भगवान श्रीराम को मनुष्य के बजाय भगवान के रूप में पहचाना था। आज समाज प्रगति के मार्ग पर है। शिक्षा के प्रसार और नशा मुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यों से समाज जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जीवन में मुख्यमंत्री के रूप में प्राप्त सेवा के इस अवसर का श्रेय कीर समाज सहित ऐसे सभी समाज बंधुओं के आशीर्वाद को देते हैं।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अधोसंरचना विकास और शिक्षा के प्रोत्साहन के कार्य कर रही है। जहां मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, वहीं छात्रवृत्ति पाठ्यपुस्तकें और यूनिफॉर्म मिलने से शिक्षा अर्जन आसान बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने महासम्मेलन में उपस्थित अनेक बहनों से संवाद भी किया और लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की। इस मौके पर कीर समाज के महासम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ समारोह और विचार विमर्श के सत्र हुए। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महासम्मेलन को मां पूरी बाई कीर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गया प्रसाद कीर, समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित भी किया।

### खबर संक्षेप

#### ग्वालियर के पर्यटन क्षेत्र में निवेश को मिलेगा नया आयाम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में 29 एवं 30 अगस्त को रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी की विशेष उपस्थिति होंगी। राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि मध्य प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रहा है। ग्वालियर के पर्यटन श्रेत्र में निवेश को नया आयाम मिलेगा। टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ़ लेगेसी थीम पर आधारित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लघु उद्योग, देश हित में मिलकर करेंगे काम: सीएम

# लोन चुकता होते ही बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से हो जाएगी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार का संस्थागत या बैंक लोन चुकता होते ही संबंधित बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से मुक्त हो जाएगी। इस प्रावधान का लाभ हम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योगों (एमएसएमई इंडस्ट्री) को भी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु उद्योगों की स्थापना और इससे जुड़ी सभी कठिनाइयों का समुचित हल भी निकाला जाएगा।

हम एमएसएमई उद्योगों की स्थापना से जुड़ी सभी प्रकार की अनुमतियां को समयबद्ध कार्य योजना की अनुरूप समय-सीमा में देने का प्रावधान करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लघु उद्योग भारती के गोविंदपुरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लघु उद्योग भारती के करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय भवन 'उद्यम सेतु' का लोकार्पण किया। इस मौके पर लघु उद्योग भारती का द्वि-वार्षिक प्रादेशिक सम्मेलन और स्टार्टअप एवं लघु उद्यमी महाकुंभ-2025 भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, लघु भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, लघु उद्योग भारती के प्रांताध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, संस्था के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र सहित अन्य पदाधिकारी, लघु उद्योगपति एवं लघु उद्यमी उपस्थित थे।

1. गोविंदपुरा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लघु उद्योग भारती के प्रादेशिक भवन उद्यम सेतु के लोकार्पण समारोह में की घोषणा
2. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योगों (एमएसएमई इंडस्ट्री) को भी दिया जाएगा लाभ



### लघु उद्योगपति केवल मुनाफे के लिए काम नहीं करते



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लघु उद्योग भारती से जुड़े लघु उद्योगपति केवल मुनाफे के लिए काम नहीं करते। आप हर छोटे उद्यमी की आवाज बन रहे हैं। आप संगठन में शक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगपति दाम कम, दम ज्यादा मंत्र के साथ अपनी विश्वसनीयता बनाएं। एक बार जो आपका प्रोडक्ट खरीदे, वो बार-बार खरीदें। तकनीकी से जुड़ें, मार्केटिंग सीखें, ऑनलाइन बाजार से जुड़ें। अपने उत्पादों को ई-कॉमर्स वेबसाइट से जोड़कर लोकल से ग्लोबल बनाएं।

### विकास का सबसे सटीक उदाहरण भारतीय लघु उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विरासत से विकास का सबसे सटीक उदाहरण भारतीय लघु उद्योग ही हैं। यह कारोबार नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आशा, आत्म-सम्मान और आर्थिक स्वावलंबन का आधार हैं। लघु उद्योग सिर्फ कारखाने नहीं हैं, ये रोजगार के सबसे बड़े निर्माता हैं। एमएसएमई वह पुल है, जो मेहनतकश हाथों को बड़े बाजारों से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत में 6 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) हैं, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। कुल निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाए हैं, तो इसमें एक बड़ा योगदान लघु उद्योगों का ही है।

#### लघु उद्योग की सुरक्षा जरूरी है यह लोगों को रोजगार देते हैं

मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि लघु उद्योग की सुरक्षा जरूरी है। यह लोगों को रोजगार देते हैं। यह घरों को आबाद बनाए रखते हैं। इनसे समाज के कमजोर वर्ग के लोग रोजगार पाते हैं। यह लघु उद्योग ही देश को चलाते हैं। इस मायने में लघु उद्योग हमारे देश की सामाजिक संरचना के संरक्षक भी हैं।

## विस अध्यक्ष तोमर ने किया केंद्रीय गृह मंत्री शाह का अभिवादन




**भोपाल।** दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी तोमर ने केंद्रीय गृह मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित शाह से भेंट कर उनका अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में स्व. विट्ठल भाई पटेल 25 अगस्त 1985 को निर्वाचित हुए थे। उसी अवसर के शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में यह आयोजन हो रहा है, जिसमें देशभर के विधान मंडलों के अध्यक्ष सम्मिलित हो रहे हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा श्योपुर और सिंगरौली के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 25 अगस्त को जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र में मप्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाले ऐतिहासिक निर्णयों और जनहितैषी पहल का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। कार्यक्रम में श्योपुर और सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण होगा। साथ ही धार, बैतूल, पन्ना और कटनी जिलों में पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर होंगे।

#### चैटबॉट होगा शुरू

*कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड वितरण, मातृ-शिशु सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली योजनाएं और डिजिटल नवाचार के रूप में स्मार्ट चैटबॉट का शुभारंभ किया जाएगा। इन पहलों से प्रदेश में चिकित्सा अधोसंरचना, जनस्वास्थ्य सुरक्षा और तकनीक आधारित सेवाओं का व्यापक विस्तार होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को 8 लाख वय वंदना कार्ड का वितरण किया जाएगा। चैटबॉट आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का माध्यम बनेगा।*




### छत्तीसगढ़ ने बढ़ा दी मध्यप्रदेश के नेताओं की धड़कन

छग का मंत्रिमंडल विस्तार प्रदेश के मंत्रियों की धड़कन बढ़ा गया। कुछ को अपना पत्ता कटने का डर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दिल्ली दौरों को विस्तार की कवायद से जोड़ कर देखा जा रहा है। इस संदर्भ में उनकी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री हितानंद के साथ एक दौर की चर्चा हो चुकी है। राज्य मंत्रिमंडल में 4 पद रिक्त हैं। इनमें से एक पद कांग्रेस से भाजपा में आए छिंदवाड़ा जिले के कमलेश शाह को मिलना तय बताया जा रहा है। शेष मंत्री पदों के लिए दावेदारों की फौज है। प्रदेश में कुछ मंत्रियों को बाहर किए जाने की चर्चा है। इसका आधार परफॉरमेंस को बनाया जाएगा। सागर और भोपाल की राजनीति में समन्वय बनाने के लिए वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव और रामेश्वर शर्मा के मंत्री पद के लिए नाम चल रहे हैं। महिलाएं भाजपा के लिए संजीवनी का काम कर रही हैं। इसलिए एक महिला को भी मौका दिया जा सकता है।

### भाजपा में सत्ता-संगठन में नियुक्तियों का फार्मूला तय

भाजपा में प्रदेश के निगम-मंडलों, आयोगों और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों के लिए मंथन शुरू हो गया है। इस मसले पर पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री हितानंद के साथ चर्चा हुई है। ये नेता मुख्यमंत्री निवास में बैठे और तय किया गया कि किसी भी नेता को सरकार और संगठन में से एक जगह एक ही पद दिया जाएगा। अर्थात भाजपा एक व्यक्ति, एक पद का फार्मूला लागू करेगी। इससे पहले नेता इस संदर्भ में एक बैठक दिल्ली में भी कर चुके हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी और सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों का काम एक साथ किया जाए। तय किया गया कि सरकार के पदों में उन विधायकों, नेताओं को अवसर दिया जाएगा जो पात्र होने के बावजूद मंत्री नहीं बनाए जा सके और जिन्हें विधानसभा, लोकसभा के चुनाव में टिकट नहीं दिया जा सका। कांग्रेस छोड़ कर आए कुछ नेताओं को भी एडजस्ट किए जाने को लेकर चर्चा हुई है। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी में वरिष्ठ और नए नेताओं का मिश्रण होगा। यहां कुछ अनुभवी नेताओं को पदाधिकारी बनाया जाएगा और कुछ नए नेताओं को भी। काम और सक्रियता को देखते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल को एक मौका और दिया जा सकता है।

### क्या जयवर्धन और ओमकार को टिकट नहीं देगी कांग्रेस?

वर्ष 2022 में राहुल गांधी की मौजूदगी में राजस्थान में हुए कांग्रेस के सम्मेलन में तय किया गया था कि पार्टी में 'एक व्यक्ति, एक पद' का सिद्धांत लागू किया जाएगा। इसके बाद इसी वर्ष राहुल गांधी जब भोपाल आए थे और कई बैठकें ली थीं तब कह कर गए थे कि जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के पद को हम सबसे ज्यादा पावर देने वाले हैं। राहुल यह भी तय कर गए थे कि जिन्हें जिलाध्यक्ष पद की जवाबदारी दी जाएगी, उन्हें चुनाव में टिकट नहीं दिया जाएगा। ऐसे में सवाल पैदा होता है कि क्या विधायकों जयवर्धन सिंह और ओमकार सिंह सहित उन विधायकों को इस बार विधानसभा-लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया जाएगा, जिन्हें जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जयवर्धन और ओमकार सहित एक दर्जन से ज्यादा विधायकों और पूर्व विधायकों को जिलाध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी गई है।

### उमंग ने राहुल को खुश करने के लिए तो नहीं लगाए ये आरोप

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कांग्रेस के ऐसे पहले नेता हैं जिन्होंने राहुल गांधी के बाद चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उमंग ने भी राहुल की तर्ज पर मीडिया से बात की और आंकड़े पेश करते हुए कहा कि विधानसभा 2023 के चुनाव में 8 से 9 फीसदी वोटों की चोरी की गई। इसकी वजह से कांग्रेस 27 सीटें हार गई वर्ना प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती। बड़ा सवाल यह है कि यदि आयोग ने यह गड़बड़ी की थी तो उमंग की नींद लगभग पौने दो साल बाद क्यों खुली? जब उनके पास आंकड़े हैं तो इन्हें लेकर वे कोर्ट क्यों नहीं गए?

### खतरनाक मोड़ पर जिलाध्यक्षों को लेकर अंतर्कलह

कांग्रेस के 71 जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद पार्टी की अंदर शुरू हुई अंतर्कलह खतरनाक मोड़ है। भोपाल, इंदौर, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, नर्मदापुरम, और जबलपुर समेत कई जिलों में विरोध के स्वर बगावती हैं। नियुक्तियों से आक्रोशित कार्यकर्ता पुतला दहन और धरना-आंदोलन कर रहे हैं। भोपाल में पूर्व शहर अध्यक्ष मोनू सक्सेना ने राहुल गांधी को खून से पत्र लिखा है और दिल्ली जाकर उनके बंगले के सामने आत्मदाह की चेतावनी दे डाली है। उनका आरोप है कि डेढ़ करोड़ की डिफेंडर गाड़ी लेकर नियुक्ति की गई है। इंदौर महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष साक्षी शुक्ला ने राहुल को पत्र लिख कर सितंबर 2022 में उदयपुर में हुई घोषणा 'एक व्यक्ति, एक पद' सिद्धांत की याद दिलाई है। जिलाध्यक्ष पद की पद की दावेदारी करने वाले बुरहानपुर के हेमंत पाटिल, देवास के गौतम बंटू गुर्जर, इंदौर के सन्नी राजपाल सहित आधा दर्जन नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को इस मामले की पूरी रिपोर्ट सौंपी गई है। नेतृत्व को भरोसे में लेकर पार्टी अनुशासनहीनता को लेकर सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। कुछ को चेतावनी पत्र जारी किए जा चुके हैं। शीघ्र ही निष्कासन का सिलसिला शुरू हो सकता है।

**- दिनेश निगम 'त्यागी'**

## 'पहले से शादीशुदा पुरुष के साथ महिला को रहने से कानून नहीं रोक सकता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि महिला बालिग है और उसे अपने पसंदीदा पुरुष के साथ संबंध में रहना है या नहीं, यह फैसला लेने का अधिकार है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही। कोर्ट ने महिला को रिहा करने का निर्देश दिया। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, हाईकोर्ट 18 साल से ज्यादा उम्र की एक महिला की हिरासत के लिए दायर 'बंदी प्रत्यक्षीकरण' याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोप था कि वह एक शादीशुदा पुरुष के साथ चली गई थी, जबकि उसे अपने माता-पिता के साथ रहना चाहिए था। राज्य की तरफ से पेश वकील ने दलील दी कि जिस शख्स के साथ वह रहना चाहती है, वह पहली पत्नी तलाक लेना चाहता है।

### गुटबाजी को बताया कांग्रेस की हार का कारण

# जिलाध्यक्षों को अहमियत दिए बिना सत्ता में नहीं हो सकती मजबूती ढंग से वापसी: राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी के नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों की रविवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के मुख्यालय में वर्कशाप हुई। जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित 71 जिलाध्यक्ष शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्षों की इस वर्कशॉप को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संबोधित किया।

इस दौरान खरगे ने कहा कि राहुल गांधी और मैंने यह अनुभव किया कि हम बगैर अपने संगठन को मजबूत किए, बिना जिला अध्यक्षों को अहमियत दिए सत्ता में मजबूती से वापसी नहीं कर सकते। वहीं गुटबाजी को कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि जब कांग्रेस संगठित रहती है, तभी हम चुनाव जीतते हैं।




### जिलाध्यक्ष संगठन में मजबूत कड़ी

राहुल ने कहा कि वर्ष 2025 को हमने संगठन सृजन का साल घोषित किया है। जिला अध्यक्ष कांग्रेस संगठन में सबसे मजबूत कड़ी होता है। राज्य में सरकार चुननी हो, तो विधान सभाओं में उम्मीदवार को जिताने में उनकी अहम भूमिका होती है। देश में सरकार बनानी हो तो लोक सभा जीतने के लिए आपके समर्थन की जरूरत होती है।

### कई नेता अपने चहेतों को जिलाध्यक्ष बनाने में लगे थे

*कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कोई प्रलोभन भी दे, तो भी उनकी इमानदारी कांग्रेस के लिए ही रहे, ऐसे लोगों की आवश्यकता है। कई नेता अपने चहेते लोगों को जिला अध्यक्ष बनाने लगे थे। इसके अलावा नसीहत देते हुए कहा कि हमें कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता के बीच रहना है। हमें ऐसे तरीके ढूंढने होंगे, जिससे लोग हमसे जुड़ें। हमारी विचारधारा का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि 2023 में एमपी में करीब 27 सीटों पर वोट चोरी हुई है, ऐसा मुझे बताया गया।*

## पेज एक का शेष...

### आईपीएस अनीश दयाल...

अपनी सेवाएं दी हैं और इस भूमिका में उनका व्यापक अनुभव है। सिंह उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद सहित देश के आंतरिक मामलों के प्रभारी होंगे।

### भारत के दुश्मन ....

रक्षा प्रणाली है, जिसमें कई स्वदेशी मिसाइलें और एक शक्तिशाली लेजर हथियार शामिल हैं। यह प्रणाली दुश्मन के हवाई हमलों से देश की रक्षा करने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित करता है। यह महत्वपूर्ण सुविधाओं को दुश्मन के हवाई खतरों से बचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह अनूठा उड़ान परीक्षण हमारे देश की बहु-स्तरीय वायु रक्षा क्षमता को और मजबूत करता है, और दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण सुविधाओं की सुरक्षा को सशक्त करेगा।

### बिना 'सार्थक' वाद....

लाभ के लिए, विपक्ष के नाम पर सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। देश को इस पर विचार करना होगा, जनता को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा।' शाह ने कहा कि सभी चर्चाओं में सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा और सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा 'हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो।' हस्तिनापुर में द्रौपदी के अपमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 'जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है, देश को इसके भयंकर परिणाम देखने को मिले हैं।

### लाइब्रेरी के महत्व ....

लिए विधानसभा सचिवालय को विधायकों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने विधानसभा और संसद की लाइब्रेरी के महत्व पर भी चिंता जताई। शाह ने कहा कि लाइब्रेरी विधायकों और सांसदों के लिए अध्ययन और शोध का केंद्र बननी चाहिए, लेकिन आजकल इनके उपयोग में उदासीनता देखने को मिलती है।

### गृह मंत्री ने विट्ठलभाई ....

और उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को यह बात याद रखनी चाहिए।'

### रूस पर दबाव...

सवाल पर वेंस ने कहा कि ट्रंप ने रूस पर कड़ा आर्थिक दबाव बनाया है। उदाहरण के लिए भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाकर रूस की तेल से कमाई को मुश्किल किया। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने यह संदेश देने की कोशिश की कि अगर रूस हमले रोक दे तो उसे फिर से वैश्विक अर्थव्यवस्था में शामिल किया जा सकता है, लेकिन हमले जारी रहे तो उसे अलग-थलग रहना पड़ेगा।

### चीन बड़ा खरीदार....

की स्थितियों पर आधारित हैं। ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करने से भारत-अमेरिका रिश्तों में तनाव बढ़ा है। अमेरिका का आरोप है कि रूस से भारत की तेल खरीद मॉस्को के यूक्रेन युद्ध को सहारा दे रही है, जबकि भारत ने इस आरोप को सख्ती से खारिज किया है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए और उसकी आपूर्ति रोक दी। इसके बाद भारत ने रियायती दामों पर उपलब्ध रूसी तेल खरीदना शुरू किया था।

### आपको आपत्ति है, ....

अजीब है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर भारत से तेल या रिफाइंड उत्पाद खरीदने पर आपको आपत्ति है, तो मत खरीदिए। कोई मजबूर नहीं करता, लेकिन हकीकत यह है कि यूरोप भी खरीदता है, अमेरिका भी खरीदता है तो अगर आपको यह पसंद नहीं है, तो मत खरीदिए।

### गंभीर ने कहा- ...

अत्यंत आभार के साथ मैं यह घोषणा करता हूं कि मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। पुजारा हाल फिलहाल में इंग्लैंड दौरे पर कमेंट्री करते दिखे थे। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट जून 2023 में इंग्लैंड में ही खेला था। उनका आखिरी टेस्ट या यूं कहें अंतरराष्ट्रीय मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केनिंग्टन ओवल में खेला गया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल था। ऑस्ट्रेलिया ने इस मुकाबले में भारतीय टीम को शिकस्त दी थी। पुजारा के संन्यास के बाद गौतम गंभीर ने एक्स पर लिखा कि जब तूफान आया, तब वे डटे रहे, जब उम्मीदें धूमिल हो रही थीं, तब उन्होंने संघर्ष किया, पुज्जी, बधाई हो।

**पुजारा का अंतरराष्ट्रीय करियर:** पुजारा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और पांच वनडे खेले। टेस्ट में उन्होंने 176 पारियों में 43.61 की औसत से 7195 रन बनाए। इनमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206 रन का रहा वहीं, वनडे में उन्होंने 39.24 की औसत से 51 रन बनाए। इसके अलावा पुजारा आईपीएल में 30 मैच खेल चुके हैं। इसकी 22 पारियों में उन्होंने 99.75 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। इसमें एक अर्धशतक शामिल है।

### जिस चाकू से ...

बाद लड़की ने सारी बातें अपने भाई को बताई। अभिषेक और उसके दोस्तों ने हत्या के लिए ऑनलाइन पांच चाकू मंगवाए और कई दिनों तक अनिल की गतिविधियों पर नजर रखी। शुक्रवार को सूचना मिली कि अनिल शराब पी रहा है। इसके बाद अभिषेक और उसके साथी मौके पर पहुंचे और उसे घेरकर जन्मदिन वाले चाकू से हमला कर दिया। एसपी अंकित सोनी ने बताया कि 7 घंटे के अंदर ही पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ लिया गया।

### 30 करोड़ की...

है। 21 अगस्त को बैंकॉक से सिंगापुर होते हुए दिल्ली पहुंचे एक भारतीय नागरिक को कस्टम अधिकारियों ने टर्मिनल-3 पर रोका। जब वह ग्रीन चैनल से बाहर निकल रहा था, तभी एक्स-रे स्कैन में उसके ट्रॉली बैग में संदिग्ध सामग्री दिखी। तलाशी के दौरान नीले और भूरे रंग के बैग से 25 काले पॉलिथीन पैकेट बरामद हुए। पैकेटों से करीब 25 किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 करोड़ रुपए आंकी गई। 22 अगस्त को पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में छापेमारी की गई। यहां से दो महिला ड्रग सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उनके पास से 1049 ग्राम हेरोइन, एक नीला स्कूटर, नकदी और मोबाइल फोन बरामद हुए। जब्त की गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि इस सिंडिकेट का संचालन 54 वर्षीय सीमा और उसकी 43 वर्षीय भाभी समिता कर रही थीं। सीमा नंद नगरी की रहने वाली है।

### दहेज के लिए ....

लग गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। निक्की की सास दयावती जिम्स अस्पताल के पास से पकड़ी गई है। उधर विपिन को भी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस टीम आरोपी को थिनर की बोटल जहां से खरीदी थी, वो बरामद करने के लिए लेकर जा रही थी। तभी विपिन ने पुलिस की पिस्टल छीन ली और भागने लगा। विपिन ने कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैंने उसे नहीं मारा है, वह खुद मर गई। एनकाउंटर के बाद निक्की के पिता ने कहा कि पुलिस ने सही किया, जो अपराधी होता है वो भागने की कोशिश करता ही है। विपिन भी अपराधी है। हमारी गुजारिश है कि पुलिस बाकियों को भी पकड़े और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। विपिन पर आरोप है कि उसने निक्की को बाल पकड़कर घसीटा और फिर उसकी बहन और बेटे के सामने उसे आग लगा दी। पीड़िता के लगभग छह वर्षीय बेटे ने गुरुवार रात हुई इस घटना को देखा। बेटे ने कहा कि मेरी मां के ऊपर कुछ डाला, फिर उनको थप्पड़ मारा और लाइटर से आग लगा दी। इस भयावह घटना के दो वीडियो इंटरनेट पर भी वायरल हुए थे।

### ससुराल वालों ने...

निक्की के पिता ने कहा कि विपिन को फांसी की सजा मिले।

**एडीसीपी ने कहा** -हमने थिनर की बोतलें बरामद कर ली हैं: एडीसीपी सुधीर कुमार ने कहा कि हमने बोतलें बरामद कर लीं, लेकिन उसी दौरान विपिन ने इंस्पेक्टर की पिस्तौल छीन ली और भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने उसे घेर लिया, तो उसने हम पर गोली चलाने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई और गोली उसके पैर में लगी।

### कौन हैं प्रेमानंद ...

और कृष्ण-राधा की भक्ति पर आधारित हैं। वह पिछले 19 साल से गंभीर किडनी रोग से जूझते हुए भी हर रोज परिक्रमा करते हैं। इसके बाद वे एकांतिक प्रवचन में प्रश्नों का उत्तर देते हैं।

### सतना में बाढ़ के हालात...

घाट डूब गए। खरमेर नदी में बाढ़ के चलते डिंडौरी-अमरपुर मार्ग बंद हो गया। मंडला में भी नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से महिष्मति घाट का छोटा रपटा पुल डूब गया। सतना में 3.7 मिमी बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए। निचली बस्तियां डूब गईं। घरों में पानी भर गया। चित्रकूट में तेज बहाव के चलते गुप्त गोदावरी गुफा बंद करानी पड़ी। श्योपुर में कूनो नदी में बाढ़ के चलते वीरपुर क्षेत्र के दिमरछा गांव में मुख्य रास्ता बंद हो गया। एक गर्भवती की हालत बिगड़ने पर एसडीईआरएफ ने बोट से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। मुरैना के झुंड पुरा इलाके के करजोनी घाट पर स्थित बाबू महाराज मंदिर पर फंसे श्रद्धालुओं का रेस्क्यू किया गया। इनमें मुरैना सहित ग्वालियर और राजस्थान के रहने वाले भी थे।

---

साढ़े तीन करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुआ अजाक्स भवन

# अजाक्स भवन से आरक्षित समुदाय को मिलेगी विकास की नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अजाक्स संघ द्वारा आरक्षित वर्ग की सामुदायिक और शैक्षणिक गतिविधियों व उनके समग्र विकास के लिए आधुनिक भवन की स्थापना करना समाज उत्थान की दिशा में अत्यंत सराहनीय कदम है। यहां से आरक्षित समुदाय को विकास की एक नई रोशनी मिलेगी। मैं संगठन के इस अनूठे कार्य के लिए उन्हें बधाई देता हूं। यह बात रविवार को मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) के नवीन भवन का उद्घाटन करते हुए अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कही। सेकंड स्टॉप लिंक रोड नंबर दो पर 10 हजार स्वाक्वाय फीट साढ़े तीन करोड़ की लागत से अजाक्स भवन बनकर तैयार हुआ है। भवन के उद्घाटन अवसर पर मंत्री नागर सिंह चौहान, संघ के





प्रांताध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया एवं मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी एसएल सूर्यवंशी ने फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह में एआर सिंह, निर्मला पाटिल, राजवीर अग्निहोत्री, एमसी अहिरवार, विजय शंकर श्रवण, सत्य विजय, मीनाक्षी सिंह शामिल हुए।

#### धार्मिक और राजनीतिक कार्यक्रम न हो: कंसोटिया

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कंसोटिया ने कहा कि समाज में ऐसे भवनों की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अजाक्स ने यह कार्य पूरा कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह भवन आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा सहित उद्योग व्यापार की और अग्रसर करेगा यह भवन शुद्ध रूप से गैर राजनीतिक गतिविधियों के लिए जाना जाएगा हम सब का यह दायित्व होगा कि हम इसे धार्मिक तथा राजनीतिक कार्यक्रमों से इसे बचाएंगे।

---





## राठौर क्षत्रिय समाज के स्नेह मिलन में हुआ वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राठौर क्षत्रिय समाज न्यू भोपाल का स्नेह मिलन समारोह रविवार को एमपी नगर जोन 2 में संपन्न हुआ। अध्यक्ष अनूप राठौर और महामंत्री रमेश राठौर ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर आगामी कार्यक्रमों की रुप रेखा बनाई गई। स्नेह मिलन समारोह में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई। रमेश राठौर ने बताया कि समारोह में अक्टूबर माह में परिचय सम्मलेन आयोजित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर सुशील राठौर, प्रेम नारायण राठौर, कमलेश राठौर, महेंद्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, बीना राठौर, सुनीता राठौर, सविता राठौर, वीर नारायन राठौर, शिवम राठौर, अजय राठौर, विजेंद्र राठौर , प्रदीप राठौर, मुकेश राठौर, पंकज राठौर आदि ने समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया। समारोह में राठौर क्षत्रिय समाज को नई दिशा देने के लिए, समाज के आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों की रुप रेखा बनाई गई।

---

दो दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

## चेतना का शुद्ध होना अत्यंत आवश्यक: ब्रह्मचारी गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश के दो दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श भारत निर्माण विषय पर 24 अगस्त को आयोजित परिचर्चा से हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ करते हुए वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा कि परम पूज्य महर्षि महेश योगी के आदर्श भारत एवं अजेय भारत को अब सरकारों ने अपना लिया है। आदर्श भारत अभियान में 10 वर्षों के दौरान लाखों भारतीय नागरिक जुड़े हैं जिनको आगे बढ़ाए जाने की जरूरत है। ज्ञान का गहराई में समावेश हो यही आदर्श भारत की पृष्ठभूमि है। महर्षि जी ने वर्ष 1982 में आदर्श भारत अभियान को शुरू किया था जिसमें सामाजिक विज्ञान से लेकर कृषि एवं लोक प्रशासन सहित समस्त क्षेत्रों को समाहित किया गया था। ब्रह्मचारी गिरीश ने आगे कहा कि राम राज्य की अवधारणा की प्रत्येक विषय वस्तु आदर्श भारत में समाहित है। महर्षि का कहना



था कि केवल राष्ट्रीय कानून नहीं बल्कि प्राकृतिक नियमों का पालन हम सभी के लिए आवश्यक है इसलिए आदर्श भारत अभियान में प्राकृतिक न्याय को प्रमुखता के साथ शामिल किया गया है। अपनी बात आगे रखते हुए ब्रह्मचारी गिरीश का कहना था कि वेद को सृष्टि का संविधान कहा गया है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार इसका आधार है। इसमें समस्त वैदिक क्षेत्र अर्थात धर्म, संस्कृति, शिक्षा, प्रबंधन और प्रशासन जैसे सभी विषय शामिल हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि कल वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश का जन्मदिन है इसलिए आज अग्रिम शुभकामनाएं।

---

## पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बहरावल के पास तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम गनाखेड़ी थाना नजीराबाद निवासी सुनील अहिरवार (22) विगत 18 अगस्त को मोटरसाइकिल से जा रहा था। उसी दौरान ग्राम बहरावल के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में आई चोट के कारण उसे ग्रीन सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

---

फाइनल में इमरान क्लब को हराया

## मिरांश क्लब ने जीती एमसीसी मानसून ट्राफी 2025

**भोपाल।** राजधानी के 1100 क्वाटर्स स्थित एमसीसी मैदान में रविवार को एमसीसी मानसून ट्राफी 2025 डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टर्नामेंट के आयोजन एमसीसी क्लब के सदस्य राहुल तंवर, विनय यादव, विकास बिल्लौरे, बृजेश तंवर ने बताया कि रविवार को आयोजित टूर्नामेंट में शहर की 32 टीमों ने भाग लिया। फायनल मैच में मिरांश क्लब ने इमरान क्लब हराकर मानसून ट्रॉफी जीती।



---

**OFFICE OF THE DIRECTOR INSTITUTE FOR TRAINING OF TRAINERS**
**ITI Campus, Govindpura, Raisen Road, Bhopal**

// मेस निविदा //

भोपाल दिनांक 18/08/25

क्रमांक/IToT/प्रशि/मेस/2025/850/ म.प्र. शासन की शासकीय इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (आईटीओटी) भोपाल के 120 सीटर छात्रावास में प्रशिक्षणार्थियों के लिए मेस संचालित करने हेतु सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित कि जाती है। निविदा आमंत्रित करने की प्रारंभिक तिथि 25.08.2025 से अंतिम तिथि 15.09.2025 समय 5:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। निविदा का प्रारूप एवं शर्ते वेबसाइट www.mpskills.gov.in, https://governmentitotbhopal.com पर उपलब्ध है। समय पर प्राप्त निविदाओं का लिफाफा (अ) तकनीकी विड दिनांक 16.09.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोला जावेगा तथा तकनीकी बिड में पात्र पाये गये निविदाकताओं का लिफाफा (ब) फाइनेंशियल विड दिनांक 22.00.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे निविदाकताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपरिस्थिति में खोला जावेगा।

(डी.एस. ठाकुर)
निर्देशक, शा.आई.टी.ओ.टी. भोपाल

G-17689/25

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-03-09-2025

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

---

## शब्द पहेली - 5968



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरूम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5967 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5978

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकु नवताल - 5977 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |


## दो स्लैबः फेस्टिव सीजन में गाड़ियां होंगी सस्ती

# दिवाली पर डबल तोहफाः 28 से 18 फीसदी जीएसटी से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को बूस्ट





आशीष पांडेय



विशाल जौहरी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े दो पहिया और चार पहिया वाहन विक्रेता यानी डीलरों की संस्था फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन मध्यप्रदेश ( फाडा) के अध्यक्ष आशीष पांडे और उपाध्यक्ष विशाल जौहरी ने कहाकि मोदी सरकार ने इस दिवाली जनता को मिलेगा दिवाली का 'डबल तोहफा' देने जा रही है टैक्स को रिव्यू करके।

पीएम मोदी की घोषणा के अनुसार दिवाली के पहले अब जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब होगी। अगर मोदी सरकार ने इसे फलीभूत कर दिया तो रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली कई चीजों पर से टैक्स घटेगा । जिससे उपभोक्ताओं, एमएसएमई और छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। इसके साथ ही नई टैक्स सिस्टम के तहत दोपहिया और छोटी कारों पर जीएसटी को 28 परसेंट से घटाकर 18 परसेंट किया जा सकता है। इससे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को काफी मदद मिलेगी, जिसकी बिक्री में हाल के दिनों में गिरावट देखी गई है। साल 2025 की शुरुआत भले ही ऑटो इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद नहीं रही, लेकिन हो सकता है कि जीएसटी में कटौती से उन्हें फायदा पहुंचे।

### जीएसटी में कटौती से बढ़ सकती है मांग

*फाडा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने कहाकि अगर सरकार योजना के अनुसार जीएसटी में कटौती करती है, तो इससे दोपहिया और छोटी कारें ज्यादा किफायती हो सकती हैं। ऐसे में फेस्टिव सीजन के दौरान लोग कीमत कम होने से गाड़ी खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगे। ऐसे में दोपहिया वाहनों, छोटी कारों और कमर्शियल व्हीकल्स सहित पूरे ऑटो सेक्टर में डिमांड बढ़ सकती है। उपाध्यक्ष विशाल जौहरी ने कहाकि ग्राहक इस दिवाली बाइक या कार खरीदते समय अच्छी-खासी बचत कर सकते हैं। चूंकि फेस्टिव सीजन के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोग खरीदारी की प्लानिंग बनाते हैं। ऐसे में कीमतों में गिरावट से ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज को फायदा मिलेगा।*

### कारों की बिक्री में भी 1 परसेंट की गिरावट

*पांडेय ने कहाकि इस साल सिवाय ट्रैक्टर के बाकी सभी गाड़ियों की बिक्री कम हुई है। दोपहिया गाड़ियों की बिक्री में 4 परसेंट की गिरावट आई है। कारों की बिक्री में भी 1 परसेंट की गिरावट आई है, जबकि कमर्शियल व्हीकल्स स्थिर रहे।*

## 'नवदृष्टि' में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने साझा किए अपने विचार

# भारतीय उत्तराधिकार, हिंदू उत्तराधिकार और शरीयत कानून के तहत वसीयत के महत्व पर दिया बल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



आईसीएआई की भोपाल शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवदृष्टि' का सफल समापन हुआ। जिसमें प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और विशेषज्ञों ने वित्त, कर एवं वैश्विक अवसरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्ताओं के रूप में सीए पंकज शाह ने फैमिली ऑफिस और उत्तराधिकार योजना पर अपने विचार रखे। उन्होंने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम और शरीयत कानून के अंतर्गत वसीयत बनाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यदि वसीयत मौजूद नहीं है तो मृतक की संपत्ति पर पहला अधिकार भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अनुसार कक्षा-1 वारिसों का होता है। उन्होंने कहा कि उचित उत्तराधिकार एवं संपत्ति नियोजन न केवल अगली पीढ़ी के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करता है, बल्कि परिवार में विवादों को भी रोकता है।

सीए अनिकेत तलाटी, आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष ने वैश्विक अवसरों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आईसीएआई भोपाल में भी जीसीसी स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है, सीए गिरीश आहूजा, प्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ ने निजी ट्रस्ट की स्थापना पर विचार साझा किए।

## 'पीड़ित न बनें, स्वयं को सुरक्षित बनाएं' का दिया संदेश

# श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'पीड़ित न बनें और स्वयं को सुरक्षित बनाएं' के संदेश के साथ श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप कम ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन मानसरोवर डेंटल-आयुर्वेद कॉलेज प्रांगण के एंफीथिएटर में किया गया। जिसमें लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से छात्राओं ने आपात स्थिति में होने वाले हमलों से बचाव और सुरक्षा के टिप्स सीखे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं ट्रेनर रक्षिता वेलफेयर सोसायटी की फाउंडर डॉ. ब्रिज त्रिपाठी, फाउंडर और प्रेसिडेंट राइज फाउंडेशन' की फाउंडर और प्रेसिडेंट मयूरी सक्सेना और डेंटल सर्जन डॉ. संजुला चतुर्वेदी द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। जिसके पश्चात चाइल्ड वेलफेयर, प्रोग्रेसिव माइंड, सोशल वर्कर, वुमेन एम्पावरमेंट और स्वच्छ भारत में महिलाओं की भूमिका



विषय पर मयूरी सक्सेना और डॉ. संजुला चतुर्वेदी द्वारा जानकारी दी गई। कार्यशाला में छात्राओं को सुरक्षा की पंद्रह से अधिक तकनीक सिखाई गई।कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मानसरोवर समूह की सीएमडी मंजुला तिवारी और सीईडी गौरव तिवारी द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च के प्राचार्य डॉ. भारत चौरागढ़े सहित डॉ. मनीषा राठी, डॉ. सचिन खेडीकर और अन्य फैकल्टी मेंबर्स और 300 से अधिक छात्राएं मौजूद रहीं।

# मंडी बोर्ड ने आयोजित की 'मोरल एथिक्स इन पर्सनल एंड प्रोफेशनल लाइफ' पर कार्यशाला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मोरल एथिक्स इन पर्सनल एंड प्रोफेशनल लाइफ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आरसीवी नरोना प्रशासन अकादमी में मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा आयोजित किया गया। प्रायोजक ऑल इंडिया इंस्टीट्यू ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट रहा। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नोएडा के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर नंदीतेश निलय उपस्थित हुए। उन्होंने मंडी के सभी अधिकारियों को किस तरीके से अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल



लाइफ को मैनेज किया जाता है विषय में विस्तार से व्याख्यान दिया गया। डॉ.निलय द्वारा बताया गया कि एक अच्छे मनुष्य के रूप में आपको अपने ईगो को खत्म कर अपने व्यक्तित्व को कैसे निखारा जाता है। व्याख्यान माला के द्वितीय चरण में मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा संस्था के हित में लग्नशीलता से काम करने की बात कही गई । कार्यशाला में विकास मिश्रा आईएएस, रितु चौहान, मंडी बोर्ड , चंद्रशेखर वशिष्ठ सहित सभी सातों संभाग के आंचलिक अधिकारी, योगेश नागले, पीयूष शर्मा, के आर शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### बाणगंगा पेपर को हुई 21.17 करोड़ रु. की आय

**नाशिक।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने अनऑडिटेड वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही परिणामों की घोषणा की है। पहली तिमाही में कपनी को 21.17 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त हुई। एबिटडा 1.57 करोड़ रुपए, ईबीआईटीडीए मार्जिन 7.42 फीसदी और शुद्ध लाभ 0.65 करोड़ रुपए एवं शुद्ध लाभ मार्जिनः 3.08 फीसदी रहा। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहाकि यह प्रदर्शन हमारे बाजार परिस्थितियों को संभालने की क्षमता को दर्शाता है।

# खाद्य तेल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख उद्योग एवं संगठन एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्योग संघ, अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों और नागरिक समाज संगठनों ने मिलकर नेशनल एलायंस फॉर रीजेनेरेटिव वेजिटेबल ऑयल सेक्टर (नारवोस) का गठन भोपाल में किया है।

कार्यक्रम में साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशनऑफ इंडिया (एसईए ) ने अपने 800 सदस्य कंपनियों के साथ मिलकर पुनर्योजी उत्पादों की



खरीद के लिए प्रतिबद्धता की घोषणा की। सॉलिडरिडाड द्वारा संचालित यह मंच पुनर्योजी कृषि को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देगा, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा, उत्पादकता बढ़ेगी और किसान जलवायु परिवर्तन से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे।

### आयात पर सालाना 1.5 लाख करोड़ रु. से अधिक खर्च

*इस गठबंधन में सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनस, सोपा और भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान जैसे प्रमुख निकाय शामिल हैं। वर्तमान में भारत अपनी लगभग 60 फीसदी खाद्य तेल आवश्यकता आयात से पूरी करता है, जिस पर सालाना 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च होता है। वहीं अस्थिर कृषि पद्धतियों और मिट्टी की उर्वरता घटने से 2.7 करोड़ हेक्टेयर में तिलहन उत्पादन की स्थिरता खतरे में। सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अंग्शु मलिक ने कहाकिखाद्य तेल क्षेत्र की यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ष 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक विदेशी तेल आयात पर खर्च करते हैं, जिससे हमारी खाद्य सुरक्षा वैश्विक बाजार की अस्थिरताओं पर निर्भर हो जाती है।*

## बिजनेस न्यूज

### महर्षि संस्थान में आदर्श भारत अभियान योजना का शुभारंभ और परिचर्चा का आयोजन

**भोपाल।** महर्षि संस्थान के प्रमुख वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश ने महर्षि आदर्श भारत अभियान योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना को आगे बढ़ाने के लिये महर्षि संस्थान में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस परिचर्चा में उच्च न्यायालयों के सेवा निवृत्त न्यायाधीश उच्चतम व उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रसिद्ध वैद्य, डॉक्टर्स, भारतीय प्रशासकीय सेवा के अधिकारीगण, शिक्षाविद, भारत वर्ष के जाने माने व्यवसायी, राजनीतिज्ञ एव संत भाग लेंगे। ब्रह्मचारी गिरीश ने इस परिचर्चा की सूचना देते हुये बताया कि भारत वर्ष में ज्ञान विज्ञान की कोई कमी नहीं है। भारतीय वैदिक, शाश्वत, वेद के ज्ञान को शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, कृषि, सुरक्षा, राजनीति आदि क्षेत्रों में सम्मिलित करने की त्वरित आवश्यकता है। ऐसा करने से भारत का प्रत्येक व्यक्ति आदर्श, शांतिपूर्ण एवं आनंदमय जीवन प्राप्त करेगा। समाज में सामूहिक रूप से शांति एवं आदर्श व्यवस्था बनेगी। ग्राम, नगर, प्रांत, भारत वर्ष और विश्व परिवार सभी आदर्श होंगे। उन्होंने आगे बताया कि महर्षि संस्थान वैदिक ऋषियों, महर्षियों, ब्रह्मर्षियों और राजर्षियों के इस संकल्प को लेकर अत्यंत तीव्रता से इस क्षेत्र में कार्य करेगा। अतिशीघ्र भारत आदर्श भारत होगा। भारत की सभी समस्याएं सुलझेंगी, भारत विश्व क्षितिज पर अगणित सूर्यो का प्रकाश लेकर अजेय भारत के रूप में प्रतिष्ठित होगा। संस्थान के निदेशक जनसंपर्क एवं संचार विजय रत्न खरे ने सूचित किया कि 25 अगस्त सोमवार को एक वृहद योजना का शुभारंभ किया जा रहा है।

### केनस्टार ने लांच पहला 5-स्टार रेटेड एयर कूलर



**भोपाल।** केनस्टार ने गुरुग्राम, हरियाणा में देश के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एनर्जी-एफिशियंट एयर कूलर की नई रेंज लांच की। इस नई रेंज में 5 साल की वारंटी के साथ बेहतरीन आराम और मानसिक संतुष्टि का भरोसा दिया गया है। केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहाकि नई बीईई 5-स्टार रेटेड केनस्टार कूलर रेंज हमारी स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है और यह भारत सरकार के पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

### एसएसआई मंत्रा की सर्जिकल रोबोट यात्रा मप्र पहुंची

**भोपाल।** मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्राको राजस्थान में सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद भारत की पहली मोबाइल टेली-रोबोटिक सर्जरी युनिट अपने तीसरे चरण में भारत के दिल- मध्य प्रदेश में पहुंच गई है, जहां भोपाल के एचईआर हॉस्पिटल में युनिट का प्रदर्शन किया गया। डॉक्टर, मेडिकल के छात्र, हेल्थकेयर कर्मचारी एवं आम लोग बड़ी संख्या में युनिट को देखने के लिए इकट्ठा हुए कि किस तरह आधुनिक रोबोटिक सर्जरी को रिमोट तरीके से भी गाईड किया जा सकता है। यात्रा के पहले दिन मंत्राएम के साथ की पहली टेलीसर्जरी को अंजाम दिया गया। यह प्रक्रिया डॉ.प्रिया भावे चित्तावर, संस्थापक एवं मैनजिंग डायरेक्टर एचईआर हेल्थ हॉस्पिटल, भोपाल ने पूरी की।

### टाटा म्यूचुअल फंड की भोपाल शाखा स्थानांतरित

**भोपाल।** टाटा म्यूचुअल फंड ने शहर में निवेशकों को अधिक सुविधा और बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए अपनी भोपाल शाखा का स्थानांतरण 131/8 एमपी नगर जोन 2, झूमरवाला प्रगति पेट्रोल पंप के पास किया है। इसका उद्घाटन कंपनी के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन हेमंत कुमार ने किया। भोपाल वित्तीय सेवाओं के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

### सीडीएसएल में 'एम्पावरिंग आवर प्रोटेक्टर्स' आयोजित

**भोपाल ।** सीडीएसएल इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड ने अपनी पहल 'एम्पावरिंग आवर प्रोटेक्टर्स' के तहत राजधानी में भारतीय सेना, बैरागढ़ और पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के लिए निवेशक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं। ये कार्यक्रम विशेष रूप से सशस्त्र बलों, पुलिस कर्मियों, सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित थे। बेहतर समझ सुनिश्चित करने के लिए, विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण वित्तीय अवधारणाओं को समझाने के लिए व्यावहारिक उदाहरणों का उपयोग किया, जिससे सामग्री प्रतिभागियों के लिए अधिक सुलभ और आकर्षक बनी।

### करंट इंफ्राप्रोजेक्ट का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** करंट इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ ) मंगलवार 26 अगस्त 2025 को खोलने का प्रस्ताव रखती है और 41.80 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है। इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्मपर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस निर्गम का आकार 52,25,600 इक्विटी शेयर है, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है और मूल्य बैंड 76 से 80 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर हिस्सा 25 अगस्त 2025 को खुलेगा और पूरा इश्यू 29 अगस्त 2025 को बंद होगा।

### अमेजन पर ट्रैवल एसेंशियल्स पर ऑफर

**भोपाल।** अमेजन बाजार पर बेहद किफायती कलेक्शन उपलब्ध है जो 599 से कम कीमत में बेहतरीन उत्पादों मौजूद है। इसके अलावा छुट्टी की योजना के लिए कई ट्रैवल उत्पादों पर कुछ आकर्षक डील्स भी है। जिसमें कुछ बेहतरीन ट्रैवल पिक्स हैं अतः अब स्मार्ट पैकिंग के लिए बड़े बजट की जरूरत नहीं होगी। भारी टॉयलेटरी बैग्स ये चिकने और लीक-प्रूफ मिनी बैग्स कसकर बंद हो जाते हैं और किसी भी कैरी-ऑन बैग में आसानी से समा जाते हैं।

### कैप्टन को 5.97 करोड़ रु. के एम्पैनलमेंट पत्र प्राप्त

**राजकोट।** कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से पीएम कुसुम बी योजना "मागेल त्याला सौर कृषि पंप" योजना के तहत 200 स्टैंडअलोन ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवोल्टाइक वाटर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए एम्पैनलमेंट पत्र प्राप्त हुआ है, जिसकी कुल कीमत 5.97 करोड़ रुपए (जीएसटी सहित) है।

### केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. की अनोखी पहल एक पेड़ ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों के नाम



**भोपाल।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के अधिकारियों ने सीबीओए के जनरल सेक्रेटरी के रविकुमार के मार्गदर्शन तथा ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी के के त्रिपाठी के नेतृत्व में जय हिंद कॉलेज अयोध्या बाय पास परिसर में धूप-छांव के साथी और जीवनदायिनी वृक्षों को संजोने का संकल्प ले कर ऑपरेशन सिंदूर में शहीदो की स्मृति में पौधरोपण किया। आम, पीपल, बरगद नीम और अशोक जैसे पौधों की सुगंध ने परिसर को हरियाली और जीवन से भर दिया। त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहाकि यदि आज हम एक पौधा लगाएँगे, तो कल यही पौधा आने वाली पीढ़ियों को छाया, प्राणवायु और जीवन देगा। इस अवसर पर शहीदों के नाम से पौधे लगाए गए ताकि उनकी शौर्य गाथा और बलिदान की स्मृति सदैव हरी-भरी रहे। इस कार्यक्रम में जय हिंद कॉलेज से चेयरमैन उपेंद्र सिंह तोमर, वाइस चेयरमेन सर्वेंद्र सिंह तोमर, डायरेक्टर आकाश सिंह तोमर, प्रिंसिपल उपासना सिंह एवं आशीष तिवारी सीबीओए से अरूणसिंह, सूची पराशर, लीना चौहान,श्रद्धा, शनि श्रीवास्तव,गगन, विश्वजीत, अंकित सिरोही, रजनीश शिन्दे शुभम जैन तथा बडी संख्या मे सीबीओए के पदाधिकारी मौजूद थे।

### 'क्रोमा' का विशेष ऑफर

**मुंबई।** ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर 'क्रोमा' ने गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य पर विशेष ऑफर्स की पेशकश की है जो 22 से 29 अगस्त तक मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और गोवा सहित अन्य राज्य में चलाए जा रहे हैं। क्रोमा ने पार्टी ऑडियो से लेकर रोजमर्रा की रसोई की जरूरतों तक, कई श्रेणियों में रोमांचक ऑफर्स प्रस्तुत किए हैं। रियलमी टीडब्ल्यूएस सिर्फ 999 में, माइक के साथ पार्टी स्पीकर 2,999 से आगे की कीमतों पर और क्रोमा के 200 डब्ल्यू पार्टी स्पीकर वायरलेस यूएचएफ माइक के साथ सिर्फ 15,990 में खरीद सकते हैं। क्रोमा में पुराने डिवाइस एक्सचेंज करके एंड्रॉइड स्मार्टफोन पर 10 हजार तक और आईफोन पर 12,000 तक की बचत कर सकते हैं।

### सत्वा इंजी.कंस्ट्रक्शन का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** सत्वा इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने 26 अगस्त को अपना आईपीओ खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 35.38 करोड़ रु जुटाना है। इस आईपीओ के तहत शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस इश्यू का आकार 47,16,800 इक्विटी शेयरों का है, जिनका प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रु.है और मूल्य सीमा 70 से 75 रु. प्रति शेयर निर्धारित की गई है। आईपीओ से आय का उपयोग दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा।


**कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल**
**भदभदा रोड भोपाल-462003**
E-mail: flvanynp.bplamp.gov.in, Phone & Fax 0755-2674278
क्रमांक/भंडार/2833 भोपाल, दिनांक 22/8/25
// ई-निविदा सूचना //
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल के प्रबंधन में उपयोग हेतु Hybrid Solar System क्रय किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निमार्ताओ / अधिकृत विक्रेताओ से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र वेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 500/- (पांच सौ रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card / Debit card / Internet banking भुगतान कर वेवसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेगे।
1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 27.08.2025
2. Bid Submission start date 27.08.2025 Time 04:00 PM
3- Pre-Bid Meeting date 09.09.2025 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 16.09.2025 Time 04:00 PM
5. Bid Opening date 17.09.2025 Time 04:00 PM
संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल
G-17659/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**
क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/610/25 दिनांकः- 19/08/2025
// ई-निविदा सूचना //
"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना निशातपुरा में शेड निर्माण कार्य | 5000/- | 4,99,776/- | 80,000/- |
| 2. | कार्यालय अति.पुलिस उपायुक्त (यातायात) जोन-1 एवं 2 में शेड निर्माण कार्य | | 4,99,596/- | |
| 3. | कार्यालय अति. पुलिस उपायुक्त (यातायात) जोन-3 एवं 4 में शेड निर्माण कार्य | | 4,99,596/- | |
| 4. | थाना टी.टी.नगर में टायलेट मरम्मत कार्य | | 3,66,053/- | |
| 5. | पुलिस लाईन नेहरू नगर स्थित जिमनेशियम की आंतरिक पुताई कार्य | | 3,21,826/- | |
| 6. | पुलिस लाईन नेहरू नगर स्थित जिमनेशियम में फ्लोरिंग/फॉल सिलिंग एवं वाटर प्रुफिंग कार्य | | 4,66,655/- | |
| | कुल योग राशि | | 2,65,3502/- | |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mpetenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जायेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
4. शेड्यूल :-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 20/08/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 20/08/2025 के 12.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 03/09/2025 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 04/09/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 28/08/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

पुलिस उपायुक्त
(मुख्यालय) भोपाल
G-17669/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)**
निविदा सूचना क्रमांक 19/व.ले.लि./2025-26 भोपाल, दिनांक 19/08/2025
// निविदा सूचना //
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_445323_1 | जेल उपसंभाग -3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-22 के जी-टाइम एवं हबीबगंज थाना स्थित शासकीय आवास गृहों में ए.आर/एसआर/अनुक्षण/ सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 59.00 | 59000.00 |
| 2. | 2025_PWDRB_445324_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि. वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र-23 के एफ-टाइप एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर/अनुरक्षण/सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 59.00 | 59000.00 |
| 3. | 2025_PWDRB_445325_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि. वि.भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 23 के जी-टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर / अनुरक्षण / सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 51.00 | 51000.00 |
| 4. | 2025_PWDRB_445326_1 | जेल उपसंभाग 3 लो.नि. वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-22 के एच-टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर/ अनुरक्षण / सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 54.00 | 54000.00 |
| 5. | 2025_PWDRB_445327_1 | जेल उपसंभाग -3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-23 के एच-टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर/एस.आर./ अनुरक्षण / सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 49.00 | 50000.00 |
| 6. | 2025_PWDRB_445329_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र -22 के भरत नगर आई -टाइप एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर/अनुरक्षण/सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 32.00 | 50000.00 |
| 7. | 2025_PWDRB_445330_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि. वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र-23 के आई-टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर/अनुरक्षण/सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 31.00 | 50000.00 |
| 8. | 2025_PWDRB_445331_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत लघुमूल / डिपाजिट का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 70.00 | 70000.00 |
| 9. | 2025_PWDRB_445332_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत केन्द्रीय जैल के युनिट 'अ' एवं 'ब' के शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 35.00 | 50000.00 |
| 10. | 2025_PWDRB_445333_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि. वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-25 के शासकीय आवास गृहों में ए.आर. / एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 48.00 | 50000.00 |
| 11. | 2025_PWDRB_445334_1 | जेल उपसंभाग क-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-22 के जी टाइप शासकीय आवास गृहों में रंगाई-पुताई एवं पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 12. | 2025_PWDRB_445335_1 | जेल उपसंभाग क्र. 3, लो.नि. वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-22 के एच एवं आई टाइम शासकीय आवास गृहों में रंगाई -पुताई एंव पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 13. | 2025_PWDRB_445336_1 | जेल उपसंभाग -3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 23 के एफ एवं जी टाइम शासकीय आवास गृहों में रंगाई-पुताई एंव पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 14. | 2025_PWDRB_445337_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र-23 के एच एवं आई टाइप शासकीय आवास गृही में रंगाई-पुताई एंव पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 15. | 2025_PWDRB_445338_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि. वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई-पुताई एंग पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 16. | 2025_PWDRB_445339_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र-15 के शासकीय आवास गृहीं में लघुमूल गौढ़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य । | द्वितीय आमंत्रण | 60.00 | 60000.00 |
| 17. | 2025_PWDRB_445340_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र-1 के 'बी' टाइप शासकीय बंगलो में रंगाई-पुताई एंव पेंटिंग का कार्य । | द्वितीय आमंत्रण | 47.00 | 50000.00 |
| | | योग | | 730.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 08.09.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।
कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
G-17645/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)**
// निविदा सूचना //
निविदा सूचना क्रमांक 08/सेतु/2025-26/का.यं. भोपाल, दिनांक 12/08/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB_444047_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | नर्मदापुरम जिले के सेतु उपसंभाग क्रमांक-1 नर्मदापुरम के अंतर्गत आर.ओ.बी नर्मदापुरम पर बी.टी. रिन्युवल का कार्य । | प्रथम | 19.05 | मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 2. | 2025_PWDRB_444061_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | नर्मदापुरम जिले के सेतु उपसंभाग क्रमांक-1 नर्मदापुरम के अंतर्गत आर.ओ.बी. इटारसी (शहर तरफ की भुजा) का पी.आर. एवं मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 14.75 | मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 3. | 2025_PWDRB_444076_1 | रायसेन | पुल कार्य | लो.नि.वि सेतु निर्माण उपसंभाग रायसेन के अंतर्गत नवीन पुलो के बोरिंग कार्य । | द्वितीय | 7.55 | मूल एफ डी आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| | | | | योग | | 41.35 | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 01/09/2025, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल (म.प्र.)
G-17650/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

चिंतन

# भारत को सचेत आर्थिक सुधारों की त्वरित जरूरत

मौजूदा खौफनाक टैरिफ दौर में भारत को अपने सचेत आर्थिक सुधारों की जरूरत है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए आर्थिक सुधारों का खाका पेश किया है। इससे पहले भी अनेक अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संगठनों ने भारत में अगले चरण के आर्थिक सुधार में तेजी लाने का सुझाव दिया है। इसी वर्ष फरवरी में विश्व बैंक ने भारत को चिली, दक्षिण कोरिया, पोलैंड का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए तेजी से नए सुधार की जरूरत है। वर्ष 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे बाद की सरकारों ने आगे बढ़ाया। अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सुधारों में और तेजी आई। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तो कई सुधार किए गए। जनधन, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जीएसटी, नोटबंदी, पीएलआई, एफडीआई नियमों में ढील समेत अनेक सुधार किए गए, लेकिन कुछेक वर्षों से देश में आर्थिक क्षेत्र में नीतिगत स्टैगनेशन है। अभी जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में उच्च टैरिफ वार छेड़ा है, उससे वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। इसी के साथ भारत ने जो अपने लिए वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे देखते हुए देश में अगले चरण के आर्थिक सुधार की शिद्दत से जरूरत महसूस हो रही है। सीआईआई ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का जो खाका पेश किया है, उसमें सरलीकृत जीएसटी संरचना, गैर-रणनीतिक सावजनिक उपक्रमों का निजीकरण, युक्ति संगत शुल्क संरचना, विवादों के शीघ्र समाधान, राष्ट्रीय रोजगार और गिग अर्थव्यवस्था नीतियों पर जोर दिया गया है। सुधार के क्षेत्रों में राजकोषीय सूझबूझ, मुद्रास्फीति प्रबंधन और आधुनिक सांख्यिकीय प्रणालियां, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, एक संप्रभु धन कोष का निर्माण, छोटे उल्लंघनों का गैर-अपराधीकरण, समयबद्ध अनुमोदन, एकल-खिड़की मंजूरी और दूसरी पीढ़ी के आईबीसी सुधार, सुव्यवस्थित श्रम संहिताएं, न्यूनतम वेतन रूपरेखा और त्वरित विवाद समाधान शामिल हैं। उद्योग मंडल ने ऊर्जा नीति सुधारों की भी सिफारिश की है, जिनमें प्रतिस्पर्धी शुल्क, क्रॉस-सब्सिडी यानी एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी की व्यवस्था समाप्त करने, मजबूत पारेषण नेटवर्क, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी और हरित हाइड्रोजन खाका की बात है। 15 अगस्त को लाल किले से पीएम मोदी ने जीएसटी में सुधार का ऐलान किया और सरकार जीएसटी के चार से दो स्लैब करने की तैयारी कर रही है। विश्व बैंक ने फरवरी की रिपोर्ट में कहा था कि भारत को 2047 तक उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसतन 6.3 प्रतिशत की विकास दर रही है। संकेत साफ है कि जीडीपी में गति लाने के लिए धरेलू खपत के साथ निर्यात अर्थव्यवस्था की रफ्तार निरंतर बनाए रखनी होगी। भारत को सार्वजनिक व निजी निवेश में जीडीपी के 40 फीसदी तक वृद्धि, एफडीआई के नए द्वार खोलने, श्रम शक्ति भागीदारी को 70 फीसदी के स्तर पर ले जाना, नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, स्ट्रक्चरल सुधार व प्रौद्योगिकीकरण में तेजी, राज्यों में आर्थिक समावेशन व गतिविधियों को तेज करने के साथ उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाना होगा। निर्यात के लिए एफटीए के जरिये नए बाजार का जाल तैयार करना होगा।



सियासत
राज कुमार सिंह

# उप-राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणायन राजनीति

> उप राष्ट्रपति चुनाव में मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा। उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है।

उप राष्ट्रपति चुनाव ने भारतीय राजनीति को दक्षिणायन बना दिया है। मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने से पूर्व राधाकृष्णन मूलतः भाजपा के नेता रहे हैं। रेड्डी पर अभी तक राजनीतिक पहचान का ठप्पा नहीं रहा है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति- उप राष्ट्रपति का पद संवैधानिक माना जाता है, लेकिन उसके लिए चुनाव राजनीतिक तिकड़मों से मुक्त नहीं रह पाता।

'मिसाइल मैन' अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने जैसे उदाहरण अपवादस्वरूप ही हैं। बेशक उसका श्रेय भाजपा को जाता है। एक महीने पहले 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के बीच ही रहस्यमयी इस्तीफे के चलते इस उप राष्ट्रपति चुनाव की नौबत आयी है। जैसा कि अक्सर होता है, धनखड़ के इस्तीफे के तुरंत बाद मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में इस पद के लिए राजग के संभावित उम्मीदवार की अटकलें शुरू हो गयी थीं। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम से शुरू अटकलें बाद में संघ-भाजपा के निष्ठावानों के नामों पर सिमट गयीं। जनता दल से राजनीति शुरू कर कांग्रेस के रास्ते भाजपा में आये धनखड़ के साथ कटु अनुभव के बाद पार्टी ने वैसा जोखिम नहीं उठाया। वैसे सीपी राधाकृष्णन के चयन से इस धारणा को बल मिला है कि दौड़ में आगे बताये जाने वाले अक्सर भाजपा में मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। हां, राज्यपाल रहे व्यक्ति को राष्ट्रपति–उप राष्ट्रपति बनाने का भाजपाई रुझान बरकरार है। पहले बिहार के उप राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो फिर पश्चिम बंगाल के उप राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन की बारी है। नौ सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा (पूर्व में जनसंघ) के प्रति निष्ठावान रहे राधाकृष्णन पर दांव के मूल में दक्षिण भारत में राजनीतिक बिसात बिछाने की कवायद भी साफ समझी जा सकती है। केंद्र समेत तमाम राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा का दक्षिण भारत में एकमात्र सत्ता-दुर्ग कर्नाटक ही बन पाया था, जो 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छीन लिया। इसलिए तमिलनाडु के प्रभावशाली ओबीसी समुदाय से आने वाले राधाकृष्णन को उम्मीदवार बना कर भाजपा ने दक्षिण में अपने प्रसार की रणनीति भी बनायी है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्दगिर्द घूमती रही है, लेकिन जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के बिखराव में भाजपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है। दूसरे, तमिल उम्मीदवार के चलते वहां के सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर भी समर्थन के लिए दबाव बनाने की रणनीति भाजपा की रही होगी। द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया का मजबूत घटक दल है और उसकी सरकार की केंद्र



सरकार से तल्खी किसी से छिपी नहीं है। फिर भी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का दबाव दिखा, जब द्रमुक ने तमिलनाडु से ही 'इंडिया' का उम्मीदवार बनाने की इच्छा जतायी। कुछ नामों पर विचार भी हुआ, लेकिन टीएमसी की गैर राजनीतिक उम्मीदवार की इच्छा ने बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी के द्वार खोल कर उप राष्ट्रपति चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

रेड्डी भी दक्षिण भारत से ही आते हैं, लेकिन तमिलनाडु के बजाय आंध्र प्रदेश से, जहां अब चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राजग सरकार है। नीतीश कुमार की तरह पाला बदल के लिए चर्चित नायडू की पार्टी टीडीपी की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनवाने में बड़ी भूमिका रही है। अगर तमिल उम्मीदवार से द्रमुक पर समर्थन का दबाव बन सकता है, तब क्या तेलुगु उम्मीदवार से टीडीपी समेत अन्य तेलुगु दलों पर समर्थन का दबाव नहीं बनेगा? मुख्य विपक्षी दल वाईएसआरसीपी राजग और 'इंडिया' के बीच तटस्थ रही है, पर उप राष्ट्रपति चुनाव में उसे किसी एक उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला करना ही पड़ेगा। फिर आंध्र प्रदेश के अलावा तेलंगाना भी तेलुगु राज्य है। वहां अब कांग्रेस की सरकार है, पर मुख्य विपक्षी बीआरएस के पास भी राज्यसभा में चार सांसद हैं। बेशक उप राष्ट्रपति चुनने वाले लोकसभा और राज्यसभा सांसदों में बहुमत का गणित भाजपा के पक्ष में साफ नजर आता है, पर लगभग सवा सौ सांसद उन दलों के भी हैं, जो खुद को तटस्थ कहते हैं, लेकिन तटस्थता का राग इस चुनाव में तो छोड़ना ही पड़ेगा। जाहिर है, देश के नये उप राष्ट्रपति, जो राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं, के चुनावी समीकरण को तटस्थ दलों की भूमिका काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। विपक्ष के लिए पहला शुभ संकेत यही है कि संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले कांग्रेस से तल्खी के चलते 'इंडिया' से नाता तोड़ लेने वाली आप ने सुदर्शन रेड्डी के समर्थन का ऐलान किया है। टीएमसी के गैर राजनीतिक उम्मीदवार के सुझाव के पीछे निश्चय ही दलगत राजनीति से परे भी समर्थन जुटा सकने की रणनीति रही होगी। दरअसल विपक्ष उप राष्ट्रपति चुनाव को दो विचारधाराओं का मुकाबला बना कर अपने अंतर्विरोधों को छिपाते हुए आने वाले चुनावों के लिए राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को गति देना चाहता है।

पिछले उप राष्ट्रपति चुनाव से कांग्रेस ने भी सबक सीखा लगता है। पिछली बार कांग्रेस ने धनखड़ के विरुद्ध संपूर्ण विपक्ष को विश्वास में लिए बिना अपनी नेत्री मारग्रेट अल्वा को उम्मीदवार बनाया था। जिस बैठक में अल्वा का नाम तय हुआ, टीएमसी और आप उसमें शामिल नहीं हुईं। बाद में आप ने तो अल्वा का समर्थन कर भी दिया, लेकिन ममता की टीएमसी दूर ही रही। इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार विपक्ष पर थोपने की गलती नहीं दोहरायी है। बेशक दोनों की उम्मीदवार इस पद के योग्य हैं। राधाकृष्णन महाराष्ट्र से पहले झारखंड के भी राज्यपाल रह चुके हैं तो रेड्डी गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा।

हां, यह अवश्य विचारणीय है कि अभी तक दूर ही रहे रेड्डी ने एक मुश्किल चुनाव लड़ कर खुद पर राजनीतिक रुझान का ठप्पा लगवाने का जोखिम क्यों उठाया है, क्योंकि उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है। इसीलिए उस पर आसीन व्यक्ति राजनीतिक रुझान से मुक्त कम ही नजर आते हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत



# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही आपदाएं व इंसानी दखल

बीते कुछ सालों से हिमालय का पर्वतीय अंचल आपदाओं के कहर से दो-चार हो रहा है। वह चाहे 2013 की केदारनाथ की आपदा हो, 2021 में ऋषिगंगा की आपदा हो, सिक्किम की 2023 की ल्होनक में ग्लेशियर झील के फटने की हो, जोशीमठ की भूधंसाव की घटना हो, बीते दिनों धराली और किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना हो या फिर बीते रविवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी में बादल फटने तथा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भूस्खलन की घटना हो, इन सबके पीछे जलवायु परिवर्तन तो एक अहम कारण है ही। मानसून कहें या मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव, अरब सागर में गर्म होती हवायें, मध्य एशिया में तेजी से बढ़ता तापमान और दक्षिण -पश्चिमी हवाओं का उत्तर की ओर झुकाव के साथ उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्रों में बारिश का तूफानी पैटर्न है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण प्रकृति में इंसानी दखल भी है जिसका खामियाजा हम भीषण तबाही के रूप में साल दर साल ऐसी आपदाओं के नतीजे के रूप में भुगत रहे हैं। अब तो ये आपदायें आये-दिन की बात हो गयी हैं। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता। असलियत यह है कि यह सब प्राकृतिक आपदायें हमारी नीतिगत विफलताओं का जीता-जागता सबूत हैं जबकि बरसों से समूची दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और समय-समय पर जारी रिपोर्टें, शोध और अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि पहाड़ों पर अवैज्ञानिक और अनियोजित निर्माण, पहाड़ों को काटकर या विस्फोट के जरिए नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं, रेल मार्ग का निर्माण, बेतहाशा खुदाई, नदी-नालों के कुदरती मार्गों में अवरोध पैदा करने से आपदाओं को हम खुद-ब-खुद निमंत्रण दे रहे हैं। किंतु विकास के नाम पर सरकारी लापरवाही का आलम यह है कि संवेदनशील भूस्खलन वाले इलाकों में भी बहुमंजिला इमारतों, आवासीय भवनों, होटलों और सड़कों का निर्माण आज भी अनियंत्रित रूप से निर्बाध गति से जारी है। यहां यह गौरतलब है कि जब धरती की सतह बार-बार खोदी जाती है, पहाड़ों का सीना बारम्बार चीरा जाता है, काटा जाता है, उस स्थिति में बारिश की हर बूंद उस नाजुक धरातल को चीरते हुए बहुत तेजी से बह निकलती है। नतीजतन मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ती है और आपदा का आकार कई सौ गुणा बढ़ जाता है। यही वह अहम कारण है कि ऐसी स्थिति में पहाड़ों पर भूस्खलन का दायरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है।

वैज्ञानिक बार-बार चेता रहे हैं कि जलवायु में आ रहे बदलाव और पहाड़ों पर विकास के नाम पर अंधाधुंध निर्माण विनाश का कारण बन रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट साफ-साफ कहती है कि ऊंचे इलाकों में एक डिग्री तापमान बढ़ने पर वर्षा की तीव्रता 15 फीसदी बढ़ जाती है। यह कि जब गर्म समुद्री हवा भारी नमी लेकर हिमालय से टकराती हैं तब पहाड़ उसे रोकते हैं। इससे क्यूम्यलोनिम्बस बादल बनते हैं जो 50,000 फीट ऊंचाई तक जा सकते हैं और जब ये फटते हैं तो अपने साथ पूरी की पूरी घाटी में भीषण तबाही लाते हैं। इस बारे में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और डीआरडीओ की मानें तो हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 15 मीटर पीछे खिसक रहे हैं या पीछे हट रहे हैं। कहीं- कहीं कुछ इलाकों में ग्लेशियर के पीछे हटने की दर 20 मीटर से भी ज्यादा है। दरअसल जब-जब और जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उसके नीचे की जमीन अस्थिर होती जाती है। पिघलती बर्फ, दरकती चट्टानें और अचानक बनने वाली झीलें सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इनके टूटने से भयंकर तबाही आती है, गांव के गांव बह जाते हैं। ये आपदायें आबादी क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। प्रकृति की संवेदनशीलता के प्रति हमें अति संवेदनशील होना होगा। यदि हम प्रकृति से खिलवाड करेंगे तो निश्चित है कि हमें ऐसी आपदाओं से आये-दिन दो-चार होना पड़ेगा। सरकार के साथ हमारी भी जवाबदेही है। हमें व सरकार को भूविज्ञानियों,पर्यावरणविदों की संस्तुति-चेतावनियों को मानना होगा जिन्हें हम बराबर नकारते आ रहे हैं। उसका खामियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं। हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र में भौगोलिक पर्यावरणीय दृष्टि से अर्ली वार्निंग प्रणाली पर तत्काल काम करना होगा और क्षेत्र वार आपदा जोखिम की पहचान के साथ साथ उसके न्यूनीकरण के लिए भी हर समय न केवल तैयार रहना होगा बल्कि उसके लिए प्राथमिकता के आधार पर काम भी करना होगा। यह जानते हुए कि पर्वतीय इलाकों में मैदानी इलाकों की तरह काम नहीं हो सकता। इसके लिए अलग दृष्टिकोण की जरूरत है। इसमें हमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रकृति की राह में यदि हम आये तो उसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना होगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## तुलसीदास द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गR और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत के अंतरिक्ष की ओर बढ़ते कदम

23 अगस्त 2023 को चंद्रयान–3 को चांद पर इसरो ने सफलता से उतारकर देश का मान बढ़ाया था। इसी तारीख को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की जो घोषणा की और जहां चंद्रयान–3 का मून लैंडर उतरा है, उस जगह को शिवशक्ति का नाम दिया। चंद्रयान–3 को संचालित करने में महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर ने जो भूमिका निभाई, उसने एक तो उन लोगों को आईना दिखाया जो बेटियों को कमजोर समझते हैं, दूसरा चंद्रयान–3 की लैंडिंग के समारोह में इन वैज्ञानिकों ने देश की संस्कृति के अनुसार जो पहनावा पाया था और श्रृंगार किया था, उसने सारी दुनिया को हमारी संस्कृति से परिचित कराया।

*–अनित मिश्रा, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### ई-केवाईसी अनिवार्य



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तथ्यों को सही से समझने की जरूरत है। लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई-केवाईसी का निर्देश उच्चतम न्यायालय ने दिया था और केंद्र केवल राज्यों से इसे लागू करने के लिए कह रहा है।

- प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय खाद्य मंत्री

### आपदा का दंश



आपदा का स्वरूप और दायरा बढ़ता जा रहा है, आज प्रदेश के कई जिले आपदा की चपेट में हैं। सरकार से आग्रह है कि आपदा का दंश झेल रहे लोगों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा और जल्दी से जल्दी मदद की जाए।

-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश

### बदले की राजनीति



श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मामूली आरोपों में हिरासत में लिए जाने पर मैं चिंतित हूँ। मैं श्रीलंका सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह बदले की राजनीति का त्याग करे और अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ उस गरिमा के साथ पेश आए जिसके वे देश के प्रति दशकों की सेवा के बाद हकदार हैं।

- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस

### बैंकों की सख्ती



बैंक जिस तरह ग़रीब किसान से क़र्ज के पैसे वसूल रही है अगर वो सख़्ती, भाजपा का प्रश्रय प्राप्त उन खरबपतियों के ख़िलाफ़ दिखाई होती जो कई लाख करोड़ लेकर फरार हो गये तो आज अर्थव्यवस्था, कारोबार और किसानी की इतनी दुर्दशा न होती।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर


### द. अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग



अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में 'ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है। छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर–लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं। क्लीनिकों के बंद होने की खबर फैलते ही एचआईवी पीड़ित और वे लोग तुरंत जीवन रक्षक दवाएं खरीदने पहुंच गए, जिन्हें एचआईवी होने का खतरा है। देश भर में बंद हुए 12 क्लीनिकों में 63,000 से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा रहा था। ऐसे में 2,20,000 से ज्यादा लोगों को अपनी दैनिक एचआईवी दवा लेने में रुकावट का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने वादा किया है कि वह अमेरिका के सहायता वापस लेने से अपने एचआईवी कार्यक्रम को ध्वस्त नहीं होने देगी। यौनकर्मी दक्षिण अफ्रीका के सबसे असुरक्षित वर्ग के लोग माने जाते हैं क्योंकि उनका काम अवैध है।

## ऑफ बीट

### मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स – मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं – विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल–कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला–आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



# हास्य के साथ समाज की विडंबनाओं, अन्याय और पाखंड पर तीखा व्यंग्य करता है 'स्वांग'

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

सात दिनों तक कला, संस्कृति और रंगमंच की अलख जगाने वाले मध्यप्रदेश रंगोत्सव नाट्य समारोह का रविवार की शाम बहुकला केंद्र भारत भवन में समापन हुआ। रंगमंडल प्रभाग द्वारा आयोजित इस समारोह के अंतिम दिन दर्शकों को हास्य और व्यंग्य से भरपूर नाट्य प्रस्तुति स्वांग - जस की तस देखने को मिली। यह नाटक सुप्रसिद्ध लोककथा लेखक विजयदान देथा की चर्चित कहानी ठाकुर का रूठना पर आधारित रहा, जिसका कुशल निर्देशन युवा रंगकर्मी अक्षय सिंह ठाकुर ने किया। प्रस्तुति जबलपुर की रंगभारण सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों ने दी और अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। प्रस्तुति में जहां हास्य की फुहार थी, वहीं समाज पर व्यंग्य का तीखा प्रहार भी था। संगीत, नृत्य और अभिनय का सुंदर समन्वय देखने को मिला जिसने दर्शकों को देर तक बांधे रखा।

**दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया**

### भारत भवन में नाटक स्वांग - जस की तस की प्रस्तुति के साथ हुआ रंगोत्सव का समापन





**लोकगीतों और पारंपरिक धुनों से बनाया कहानी को जीवंत**

### व्यंग्य और संगीत का मिश्रण

नाटक की सबसे बड़ी खूबी रही इसका संगीतमयी और व्यंग्यात्मक प्रस्तुतीकरण। कलाकारों ने लोकगीतों और पारंपरिक धुनों के माध्यम से कहानी को जीवंत बना दिया। वाद्ययंत्रों की ताल और मंच पर गूंजते संवादों ने दर्शकों को लोक रंग में डुबो दिया। हास्य के सहारे नाटक ने समाज की विडंबनाओं, अन्याय और पाखंड पर तीखे व्यंग्य किए।

### ठाकुर के इर्द-गिर्द बुनी कहानी

नाटक का कथानक एक जमींदार ठाकुर के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका स्वभाव अति विचित्र और रूठने वाला है। ठाकुर बगैर सोचे-समझे फैसले लेता है और छोटी-छोटी बातों पर नाराज हो जाता है। उसके गुस्से, अकड़ और अजीबोगरीब निर्णयों से पूरे गांव का जीवन प्रभावित होता है। यही रूठने और मनाने का सिलसिला हास्यास्पद परिस्थितियां रचता है, जो दर्शकों को ठहाकों से भर देता है। लेकिन इस हास्य के भीतर समाज की कड़वी सच्चाई और जमींदारी व्यवस्था की विसंगतियां गहराई से झांकती हैं।

### बेगम्स ऑफ भोपाल की ओर से आगाज-4 विमेंस हैरिटेज कार रैली

# नशा मुक्ति संदेश के साथ भोपाल की सड़कों पर दिखा महिला शक्ति का जोश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी की सड़कों पर रविवार को महिला शक्ति का अनोखा कारवां देखने को मिला, जब बेगम्स ऑफ भोपाल की ओर से आगाज़-4 विमेंस हैरिटेज कार रैली का शुभारंभ श्यामला हिल्स स्थित ड्राइव-इन सिनेमा से हुआ। नशा मुक्ति और सामाजिक जागरुकता का संदेश देने वाली इस रैली की थीम इस बार ब्लू रखी गई। बेगमस ऑफ भोपाल और सेतु द ब्रिज के द्वारा आयोजित रैली में शहर और देश-विदेश से आईं 40 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



### पांच वाटर बॉडीज तक पहुंचने का अनूठा टास्क

रैली में प्रतिभागियों को एक खास टास्क दिया गया था। उन्हें शहर की पांच वॉटर बॉडीज तक पहुंचकर उन्हें पहचानना था। लगभग 20 किलोमीटर के सफर में प्रतिभागियों ने उत्साह, धैर्य और अनुशासन के साथ सफर तय किया। रैली को परवेज शरीफ और उनकी टीम की सदस्य पूजा, सविता भाटिया और नेहा शरीफ ने नेविगेट किया। आयोजन की इस योजना ने प्रतिभागियों के लिए रैली को और भी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण बना दिया।



### कार्यक्रम के समापन समारोह में दिखा भव्य उत्साह

समापन समारोह में राज्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया, बेगम्स ऑफ भोपाल की अध्यक्ष रख्शां शमीम जाहिद, बीनू धीर, मीता वाधवा और सेहबा फरहत सहित बड़ी संख्या में क्लब की सदस्य मौजूद रहीं। सभी ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण संदेश को समाज तक पहुंचाने की पहल की सराहना की।



### अंतरराष्ट्रीय भागीदारी बनी आकर्षण

इस बार की रैली में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की मौजूदगी भी देखने को मिली। जर्मनी और दुबई से आईं महिलाओं ने न सिर्फ भाग लिया, बल्कि स्थानीय प्रतिभागियों के साथ कदम से कदम मिलाकर नशा मुक्ति का संदेश फैलाने में अपना योगदान दिया। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय पहचान भी दिलाई।





### विजेताओं ने लहराया परचम

*प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में प्रतिभागियों ने जीतने का जज्बा दिखाया।*

**फर्स्ट प्राइज**
खदीजा बेगम
**सेकंड प्राइज**
वंदना जंगलवार
**थर्ड प्राइज**
निकिता दिलौरी

# विभिन्न अवसरों पर मालवा के गांव की महिलाएं करतीं हैं मटकी नृत्य

### संभावना गतिविधि में मार्शल आर्ट एवं मटकी नृत्य की दी प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

जनजातीय संग्रहालय आयोजित संभावना गतिविधि में रविवार को आगर-मालवा के मटकी नृत्य के साथ मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दी गई। गतिविधि में सोनी मालवीय एवं साथी, आगर-मालवा द्वारा मटकी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मालवा में मटकी नृत्य का अपना अलग परम्परागत स्वरूप है। विभिन्न अवसरों पर मालवा के गांव की महिलाएं मटकी नृत्य करती हैं।





### बुंदेलखंड के अखाड़ा के रूप में प्रस्तुत किया मार्शल आर्ट

अगले क्रम में विजय प्रजापति एवं साथी, सागर द्वारा मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दी। बुंदेलखंड का अखाड़ा नृत्य पूर्व कई काल से चला आ रहा है। युद्ध के दौरान अस्त्रों-शस्त्रों का प्रयोग किया जाता था और उनसे बचने की कला भी सिखाई जाती थी। अखाड़ा शौर्य का प्रतीक है। आज भी मैहर में आल्हा और उदल का अखाड़ा है।

**चार रोमांचक राउंड में आयोजित हुआ चैट शो**

# बीएसएस में हुआ चैट शो, शहर के 14 स्कूलों ने की भागीदारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने आर्चबिशप यूजीन इंटरस्कूल चैट शो 2025 का आयोजन किया, जिसमें शहर के 14 प्रतिष्ठित स्कूलो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत केरेन द्वारा आर्ट ऑफ़ रेटोरिक के साथ हुई, जिसने प्रभावशाली वाक्पटुता से पूरे वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज के गान का भावपूर्ण गायन हुआ।

### चैट शो के ये रहे रोमांचक राउंड

1.) राउंड 1: प्रारंभिक शॉट - अपनी स्थिति बताएं, जिसके अंतर्गत प्रत्येक टीम को दिए गए विचारोत्तेजक विषय क्या हम तकनीक के आगे हार रहे हैं? पर अपने विचार प्रस्तुत करने थे।
2.) राउंड 2: विचारों की रस्साकशी - विचारों का आदान-प्रदान, जिसके अंतर्गत प्रत्येक टीम को अन्य प्रतिद्वंद्वियों के विचारों को चुनौती देने के लिए 1 मिनट का समय मिला।
3.) राउंड 3: रैपिड रिबटल - क्लैश ऑफ विट्स में वे टीमें शामिल थीं, जिन्हें वास्तव में राउंड 2 में चुनौती दी गई थी और अपने विचारों का बचाव करने के लिए 1 मिनट का समय दिया गया था।
4.) राउंड 4: जजों का राउंड, जिसमें जजों ने प्रत्येक टीम से स्पष्टता और तर्क के साथ-साथ प्रतिभागियों के तर्कों की गहराई जानने के लिए प्रश्न पूछे।

**भोजपाल गरबा महोत्सव का दूसरा साल**

# जंबूरी मैदान पर 7 दिनों तक की जाएगी आराधना, गुजरात के ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण

*भगवान गणेश की वंदन और पूजन के साथ शुरू हुआ गरबा प्रशिक्षण, पहले ही दिन सैकड़ों प्रतिभागी हुए शामिल*



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी के जंबूरी मैदान भेल में आयोजित होने वाले भोजपाल गरबा महोत्सव के लिए प्रतिभागियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। रविवार को भगवान गणेश की वंदना और पूजा-अर्चना के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों के साथ ही आयोजन समिति के लोग मौजूद रहे। श्री कृष्ण मंदिर विजय मार्केट बरखेड़ा भेल में शाम 7 बजे और गुजराती भवन आनंद विहार स्कूल के सामने, 74 बंगला में रात 8 बजे प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। दोनों सेंटरों पर गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को अत्याधुनि गरबा स्टेप का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास विरानी, महामन्त्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। भोजपाल गरबा महोत्सव के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि बीते साल हुए सांस्कृतिक गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। शहरवासियों की मांग पर इस बार सात दिनों तक आयोजन किया जाएगा।

**बैठक द आर्ट हाउस में संगीत समरसता कार्यक्रम का आयोजन**

# संगीत समरसता कार्यक्रम में नृत्य गायन और वादन की दी प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

चक्रधर कल्चर सेंटर भोपाल द्वारा रविवार को बैठक द आर्ट हाउस में संगीत समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गतिविधि में उभरते कलाकारों के साथ कई प्रतिष्ठित कलाकारों ने भी मंच पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि उस्ताद सलीम अल्लाहवाले एवं ध्रुपद गायिका सुरेखा कांबले उपस्थित रहीं।



### कथक नृत्य में कृष्ण वंदना की प्रस्तुति

इस एक दिवसीय कार्यक्रम में गायन, वादन एवं नृत्य केंद्रित प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें शांभवी तिवारी, इंदौर द्वारा कथक नृत्य एवं दीपा राज, दीप्ति राज, भोपाल द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मोनिका शुक्ला, निलिमा पारे, भोपाल द्वारा निमाड़ी लोक गायन में पारंपरिक लोक गीत, विवाह, जन्म, सावन एवं वर्षा ऋतु के गीतों की प्रस्तुति दी गई। अगले क्रम में रितु साहू, बैंगलोर द्वारा कथक नृत्य में कृष्ण वंदना की प्रस्तुति दी गई।



### गेट-टू-गेदर



भोपाल। रॉयल राजपूताना लेडीज ने रिमझिम बारिश के मौसम में मिंटो हॉल में किया गेट-टू-गेदर, जिसमें ग्रुप की महिलाओं ने गीत गाए और रिमझिम बारिश का आनंद लिया।

**रंगश्री लिटिल बेले ट्रूप में नाटक जिंदगी और जोंक का मंचन**

# गरीब और असहाय व्यक्ति के जीवन संघर्ष की कहानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**



रंगश्री लिटिल बेले ट्रूप में नाटक जिंदगी और जोंक का मंचन रविवार शाम हुआ, जिसमें लेखन राजेश जोशी का था और निर्देशन बंसी कोल का। प्रसिद्ध लेखक अमरकांत की कथा ज़िंदगी और जोंक एक ऐसी कहानी है, जो एक भिखारी रजुआ की दुर्दशा, शोषण और संघर्ष को दर्शाती है। यह कहानी स्वार्थी समाज के पाखंड और गरीब व असहाय व्यक्ति के जीवन से चिपके रहने के संघर्ष को 'जोंक' की तरह दर्शाती है, जिससे वह बार-बार मृत्यु के करीब आकर भी जीवित रहता है।

## दिल्ली में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन

# 29 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका शुभारंभ किया।

इस सम्मेलन में 29 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष आदि भाग ले रहे हैं। विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर होने पर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर विधानसभा में विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा नाम से उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**दिल्ली विधानसभा में आयोजन**

*दिल्ली विधानसभा में दो दिनी अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर विधानसभा में विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा नाम से उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी*

### संसद और विधानसभाएं सुचारू रूप से चलें

कार्यक्रम में दिग्गज नेताओं ने दिया उदबोधन दो दिन चलेगा



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली विधानसभा में अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन 2025 में कहा कि संसद और विधानसभा संसदीय लोकतंत्र के केंद्र बिंदु हैं। अगर संसद और विधानसभा ठीक से काम नहीं करेंगी, तो लोकतंत्र पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। संसद और विधानसभा का सुचारू रूप से चलना और सक्रिय रहना बहुत जरूरी है। विपक्ष सरकार की आलोचना कर सकता है, लेकिन काम में बाधा डालना, यानी देश को काम न करने देना, गलत है।

**कुछ ठोस सुझाव निकलेंगे**

रिजिजू ने कहा कि यह महत्वपूर्ण स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस बहुत ही उपयोगी और बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहा कि मुझे विश्वास है कि बहुत अच्छी तरह से आप लोगों के बीच में विचार विमर्श करके सही रिकमेंडेशंस आगे आएंगी। कहा कि यह कहना मुश्किल है कौन विधानसभा सदन में अध्यक्ष कैसे बेहतर सदन चलाते हैं? सभी के कुछ थोड़ा बहुत नियम में बदलाव है। उम्मीद है कि इस सम्मेलन से कुछ ठोस सुझाव निकलेंगे तो बहुत अच्छा होगा।

### शाह विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे

गृह मंत्री शाह विठ्ठलभाई पटेल के सम्मान में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इसके अलावा, शाह दिल्ली विधानसभा की 100 साल से अधिक की यात्रा को दर्शाने वाली एक अनूठी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे।

### लोकतंत्र को मिलेगी मजबूतीः स्पीकर गुप्ता

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में सम्मेलन के महत्व को रेखांकित किया, जहां लोकतंत्र को मजबूत करने और विधायी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। दरअसल, यह आयोजन राज्यों के बीच सहयोग और अनुभव साझा करने का अनूठा मंच है। आशा है कि यहां सभी को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा लेंगे।

### लोकतांत्रिक परंपराएं मजबूत होंगीः बिस्ट

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मेलन को लेकर शनिवार को तैयारियों का निरीक्षण किया। गुप्ता ने कहा है कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह ऐतिहासिक आयोजन लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने, जवाबदेही बढ़ाने के हमारे संकल्प को भी दोहराता है।

**140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाः राज्यपाल**

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय लोकतंत्र की शक्ति एवं संजीविता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद विधानसभाएं एवं विधान परिषदें भारत की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही हमारी पहचान है। आप सभी इन निर्वाचित अधिकारी होने के नाते हमारे लोकतंत्र संरचना को बेहतर बनाने की बड़ी जिम्मेदारी का निर्माण करते हैं।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में नशेड़ियों का पुलिसवालों पर हमला



**महाराष्ट्र।** मुंबई के देवनार इलाके में गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मियों पर गांजा पी रहे नशेड़ियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पुलिस हवलदार भालेराव और सिपाही सूर्यवंशी घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात लगभग 10:45 बजे अंटलाटा गार्डन मैदान में हुई। पुलिस ने इस संबंध में 5 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### सपा नेता ने की बलिया का नाम बदलने की मांग



**लखनऊ।** यूपी में नाम बदलने की राजनीति को लेकर अक्सर भाजपा का नाम आता है लेकिन अब सपा के सांसद भी नाम बदलने की मांग के साथ राजनीति में कूद पड़े हैं। बलिया से सपा सांसद सनातन पांडे ने बलिया का नाम बदलने की मांग कर दी है। पांडे ने कहा कि बलिया का नाम शहीद मंगल पांडे के नाम पर रखा जाय तो मैं इसका स्वागत कराता हूं।

### फांसी की सजा बदली अब 40 साल की उम्रकैद



**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक सनसनीखेज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक दंपती को, जिन पर एक साल के मासूम बच्चे की हत्या का दोष साबित हुआ था, मिली फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद कर दिया गया है। अदालत ने साफ कहा कि दुर्लभ की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए कम से कम 40 साल जेल में रहें।

### एक किमी तक चीखती रही, टेंपो से कूदी महिला



**मेरठ।** यहां के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-58 पर शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली निवासी 35 वर्षीय महिला से चलते टेंपो में चालक ने दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। आबरू बचाने महिला एमआईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास चलते टेंपो से कूद गई।

### होशियारपुर में अब तक 7 लोगों ने तोड़ा दम



**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में शुक्रवार आधी रात होशियारपुर-जालंधर हाईवे पर एक एलपीजी टैंकर ब्लास्ट मामले में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। 13 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। तीन मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। शनिवार रात व रविवार सुबह अस्पताल में दाखिल 4 मरीजों ने दम तोड़ दिया है।

## राहुल की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर रविशंकर प्रसाद का वार

# बेशर्मी से झूठ बोल रहे तेजस्वी और राहुल लोकसभा चुनाव का फरेब जनता समझ गई

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटनासहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोटर अधिकार यात्रा पर जमकर हमला बोला। उनके सभी आरोपों को नकार दिया

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटनासहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोटर अधिकार यात्रा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनके साथ तेजस्वी यादव प्रतिदिन आरोप लगा रहे हैं कि वोट की चोरी नहीं होने देंगे। ये लोग जहां जीतते हैं, वहां इनको कोई दिक्कत नहीं होती है। लोकसभा चुनाव में यूपी में समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिली, भाजपा को 33 और कांग्रेस को 6 सीट मिली थीं, तब चुनाव आयोग ठीक था। अब उन्हें जनता वोट नहीं दे रही है तो चुनाव आयोग खराब है। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा को 9 सीट मिली एनसीपी को 8, शिवसेना को 9 सीटें मिलीं, तब चुनाव आयोग ठीक था। हिमाचल और तेलंगाना में उनकी सरकार बनी तब चुनाव आयोग ठीक था। रविशंकर ने कहा कि राहुल गांधी बड़ी बेशर्मी से हर संवैधानिक संस्था पर आरोप लगा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इन लोगों ने संविधान बदलने का धोखा और फरेब बनाया था, इसे जनता समझ गई और अब इन्हें वोट नहीं दे रही है। हरियाणा, दिल्ली सब जगह सूपड़ा साफ हो गया।

### लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा को 37, भाजपा को 33 व कांग्रेस को 6 सीट मिली तब ईसी ठीक रहा

#### क्या 2-2 जगह से वोट डाले जाएं, मृतक भी मतदान करें

जनता इनकी सभी चालों को जान चुकी



रविशंकर ने पूछा कि क्या दो जगह से वोटर हैं, उन्हें दोनों जगह वोट देने दिया जाए या जो मर गए, वे वोट डालेंगे या जो शिफ्ट कर गए, वे वोट डालेंगे? राहुल आरोप लगाते हैं कि स्पीकर बोलने नहीं देते। जब बोलते है तो बंद नहीं होते। ऐसा ऐसा ज्ञान देते हैं कि कुछ कहा नहीं जा सकता। राहुल देश के पीएम बने और तेजस्वी यहां के सीएम बने, वही इनकी सोच है। जनता इन्हें ऐसा होने नहीं देगी।

#### 99 फीसदी लोगों ने अपना काम पूरा किया, जबरन ऑब्जेक्शन कर रहे

रविशंकर ने कहा कि वे राहुल की तरह बकवास नहीं करते हैं। 98.2 फीसदी लोगों ने कागजात जमा कर दिए और नाम मात्र का दावा आया है। 99 फीसदी लोगों ने अपना काम कर दिया। अभी 1 सितंबर तक समय भी बचा है। एक लाख 60 हजार बीएलओ में एक भी ऑब्जेक्शन नहीं आया। अब इसमें क्या परेशानी है।

**तेजस्वी भी पार्टी को डुबा रहे, जनता चुन रही**

रविशंकर ने कहा कि राहुल के संपर्क में आकर तेजस्वी ने कहा कि मोदी जैसा झूठा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। जिस देश की जनता ने तीन तीन बार उन्हें पीएम चुना, उन्हें तेजस्वी कहते हैं कि ऐसा झूठा नहीं देखा। तेजस्वी माफी मांगें।

**क्या राहुल गांधी कुछ भी बोलेंगे?**

रविशंकर ने कहा कि राहुल को एक बार सुप्रीम कोर्ट ने डांट लगाई तो माफी मांगी। उन्होंने चौकीदार चोर है, मीडिया बिकाऊ है, क्या क्या आरोप लगाए हैं। यह शर्मशार करने वाला है।क्या राहुल गांधी कुछ भी बोलेंगे।

### खतरनाक रास्ते पर जा रहे राहुल', सोरोस ने अस्थिर करने एक ट्रिलियन डॉलर जमा किए

रिजिजू का बड़ा हमला



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल कुछ बोलते हैं, उनके सारे सांसद बहुत असहज हो जाते हैं। वो डरते हैं ये अनाप-शनाप बातें करेंगे। राहुल बहुत खतरनाक रास्ते पर जा रहे हैं। जॉर्ज सोरोस कहते हैं कि भारत सरकार को अस्थिर करने के लिए एक ट्रिलियन डॉलर रखे गए हैं।

#### पीएम मोदी के नेतृत्व में कोई भी देश को अस्थिर नहीं कर सकता

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती, तो वे और भारत विरोधी ताकतें मिलकर सरकार और संस्थाओं पर हमला करना शुरू कर देती हैं ताकि जनता का इस देश की संस्थाओं से विश्वास उठ जाए। वे बार-बार कहते रहे हैं कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग बिक चुके हैं। जब वे देश और सरकार की विश्वसनीयता कमजोर करने की साजिश रचते हैं। वे वामपंथी मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को कोई अस्थिर नहीं कर सकता है।

#### खरगे का केंद्र सरकार पर हमला

### वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है। भाजपा 30 दिन के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है।

**बूथ और मंडल समितियों के गठन में सावधानी बरतें जिलाध्यक्ष**

खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों। वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों।

#### चुनाव आयोग पर राहुल का हमला

### जीवित लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे



**अररिया।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' रविवार को आठवें दिन पूर्णिया से शुरू होकर अररिया पहुंची। यात्रा के दौरान उन्होंने न सिर्फ विपक्षी नेताओं के साथ मंच साझा किया, बल्कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर भी तीखे हमले किए। अररिया के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल के साथ राजद नेता तेजस्वी यादव और भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य जैसे बड़े विपक्षी नेता मौजूद थे। यह मंच आगामी चुनाव से पहले बिहार में विपक्षी दलों की एकजुटता का संकेत माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं के लिए दरवाजे बंद कर दिए हैं और देश का धन चुनिंदा बड़े उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है।

**तेजस्वी के सीएम बनने पर रहे चुप**

तेजस्वी कह चुके हैं कि अगर हम लोग सत्ता में आते हैं तो हमारे प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे। लेकिन, बिहार लेकर आपकी पार्टी की तरफ से यह साफ क्यों नहीं किया जा रहा है कि अगर बिहार की सत्ता में आप लोग आते तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।

**इंडिया ब्लॉक साझा घोषणापत्र जारी करेगा**

राहुल ने कहा कि बिहार में इंडिया ब्लाक के सभी घटक विधानसभा चुनावों के लिए काम कर रहे हैं और परिणाम फलदायी होंगे। इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनावों के लिए 'इंडिया' जल्द ही एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा।

#### 'सर' को लेकर घमासान के बीच चुनाव आयोग बोला

### 98 फीसदी से ज्यादा मतदाताओं के डॉक्यूमेंट्स मिले



चुनाव आयोग ने बताया है कि बिहार में चल रहे के दूसरे चरण की डेडलाइन खत्म होने से पहले 98.2 फीसदी वोटर्स के दस्तावेज उसे मिल चुके हैं। दूसरे चरण की डेडलाइन 1 सितंबर की है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 भरना जरूरी होता है। 25 सितंबर तक डॉक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन कर देंगे।

## रांची स्थित आवास में डीएसपी ने की कार्रवाई

# प्रदर्शन स्थल पहुंचते ही पूर्व सीएम चंपई हाउस अरेस्ट, बेटे बाबूलाल हिरासत में

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को उनके रांची स्थित आवास में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। यह कार्रवाई सदर डीएसपी ने की है। चंपई सोरेन रिम्स 2 जमीन विवाद को लेकर रांची में हल चलाने वाले थे, जहां हजारों लोगों को उनके साथ प्रदर्शन में शामिल होना था, लेकिन वह प्रदर्शन स्थल पर पहुंचते उसके पहले ही उन्हें उनके घर से बाहर जाने से रोक दिया गया है। इसके साथ ही उनके बेटे बाबूलाल को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्हें तमारा में पुलिस ने डिटेन किया है।



*रिम्स-2 जमीन पर हल चलाने वाले थे*

### आंदोलनकारियों को बाहर ही रोक दिया

रांची में आदिवासी समाज के लोगों ने हल जोतो अभियान शुरू किया है। इसे सफल बनाने के लिए आदिवासी समाज के लोगों को रविवार के दिन रांची पहुंचना था। यहां रिम्स-2 की विवादित जमीन पर चंपई हल चलाने वाले थे, लेकिन सरकार ने पहले से ही इस विरोध प्रदर्शन को कुचलने की तैयारी कर रखी थी। आंदोलनकारियों को बैरिकेडिंग कर बाहर ही रोक दिया गया है।

### सहारनपुर में सांसद मसूद समेत कांग्रेस के बड़े नेता नजरबंद

**सहारनपुर।** कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेसियों ने रविवार को बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया था। इससे पहले ही शनिवार देर रात पुलिस ने कांग्रेस के बड़े नेताओं को नजरबंद कर दिया। रविवार को कांग्रेस नेताओं ने सांसद इमरान मसूद के घर पर नजरबंदी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रशासन ने कांग्रेस को रैली निकालने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद नेता रैली निकालने की जिद पर अड़े रहे। पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर आदि को नजरबंद कर दिया। भारी संख्या में सांसद इमरान मसूद के घर पर पीएसी बलों की तैनाती की गई। इसके बाद कांग्रेस ने बाइक रैली को स्थगित कर दिया।

## देशभर में 'फिट इंडिया-संडे ऑन साइकिल' रैली



**स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा**

**नई दिल्ली।** फिट इंडिया-संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत रविवार को देश के अलग-अलग शहरों में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर खास आयोजन किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और नामचीन एथलीट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजधानी दिल्ली में यह कार्यक्रम सुबह इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू हुआ। इसमें दिल्ली पुलिस ने विशेष भागीदारी की। कार्यक्रम में बॉक्सिंग अंडर-19 गोल्ड मेडलिस्ट कृषा वर्मा और वेटलिफ्टिंग जूनियर एशियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनन्या पाटिल भी शामिल हुईं।

## कांग्रेस नेताओं को भा रहा संघ का गीत!

# शिवकुमार के बाद रंगनाथ ने तारीफ, पंक्तियां भी गाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक की राजनीति से गजब की तस्वीर देखने को मिल रही है। पिछले दिनों कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गाई। कांग्रेस विधायक एचडी रंगनाथ ने भी आरएसएस के प्रार्थना की कुछ लाइन गाई ,इनकी तारीफ भी की। पत्रकारों से बात करते हुए रंगनाथ ने आरएसएस के गान 'नमस्ते सदा वत्सले' की शुरुआती पंक्तियां गाईं।

### प्रार्थना की शुरुआती पंक्तियां गाईं

इतना ही नहीं, उन्होंने संघ के गीत को एक बेदह अच्छा गीत भी बताया। विधायक ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में गाए जाने के बाद उन्होंने भी इसे सुना। रंगनाथ ने कहा कि मैंने इसका अर्थ पढ़ा। इसमें कहा गया कि हमें उस धरती को नमन करना चाहिए जहां हम पैदा हुए हैं। मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। हमारी पार्टी एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। हमें दूसरों की अच्छी बातें स्वीकार करनी चाहिए।

## सीएम धामी ने रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से की मुलाकात

# सरकार आपके साथ खड़ी, हर संभव मदद देंगे

### थराली में बादल फटने से और भूस्खलन ने मचाई थी तबाही

एजेंसी ▶▶ थराली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों से रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा कि थराली आपदा से प्रभावित बहनों से भेंट कर उनके आंसुओं में छिपा दर्द महसूस किया। इस कठिन घड़ी में उनके साहस को नमन करता हूं।

सीएम धामी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वहां फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित निकालने तक राहत और बचाव कार्य जारी रहेगा।



### सेना के जवान बचाव कार्य कर रहे

मुख्यमंत्री धामी ने मीडिया को बताया कि इस आपदा से बहुत नुकसान हुआ है। पूरा क्षेत्र तबाह हो गया है। यहां बादल फटा है और भारी बारिश हुई है। सड़क मार्ग पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गया है। 190 लोगों को उसी दिन तत्काल बचा लिया गया था। अभी तक 274 लोगों को बचा लिया गया है।

**हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही**

धामी ने कहा कि हमारी सरकार आपदा क्षेत्रों में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। प्रभावित क्षेत्रों में हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। बंद सड़कों को खोलने का कार्य भी निरंतर जारी है।



### कोटा-बूंदी में फंसे लोगों की मदद कर रहा सेना का हेलीकॉप्टर

**कोटा।** राजस्थान के कोटा और बूंदी क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। भारी बारिश ने राजस्थान के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी

देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान

# गगनयान मिशन की तैयारी तेज, इसरो ने किया पहला सफल एयर ड्रॉप टेस्ट.... सशस्त्र बलों ने भी की मदद

एजेंसी ▶▶ बेंगलूरू

इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज कर दी है। इसरो ने रविवार को पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन किया। इसके तहत एयर ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। इसमें सशस्त्र बलों ने भी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की मदद की। इसरो ने एक्स पर लिखा कि गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित डीसेलेशन सिस्टम के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए पहला एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल का संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

**खास बातें**

- इसी साल लांच होगा गगनयान
- पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी
- जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा
- गगनयान मिशन के लिए तेजी से काम चल रहा है





**गगनयान और भविष्य की योजनाएं**

इसरो की आगामी योजनाओं का खाका भी सामने आया। साल के अंत तक गगनयान-1 मिशन लॉन्च होगा, जिसमें मानव-रोबोट 'व्योममित्रा' अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। 2027 में भारत अपनी पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान करेगा। इसके बाद 2028 में चंद्रयान-चार, शुक्र मिशन और 2035 तक "भारत अंतरिक्ष स्टेशन" की स्थापना की योजना है। मंत्री ने कहा कि 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा गया है।



**यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने की क्षमता**

हाल ही में इसरो ने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा किया था। हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है।

**गगनयान मिशन क्या है?**

गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। यान को इसी साल लॉन्च करने की योजना है। पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने किया स्वागत

# पीएम मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी भारत यात्रा पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह रविवार को दिल्ली पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उनका स्वागत किया। फिजी के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी हैं। प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री राबुका के आगमन की जानकारी साझा करते हुए लिखा, फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका का अपनी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है।

प्रधानमंत्री राबुका का एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने स्वागत किया। यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और फिजी ने जुलाई 2025 में सुवा, फिजी में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के छठे दौर का आयोजन किया था। इस दौरान दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण, व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की और उसे बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने किया।

*प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है*

**फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा दोनों देशों के रिश्ते अधिक होंगे मजबूत**

**यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी**



**1879 में हुई थी भारत और फिजी की दोस्ती**

फिजी समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। दोनों देशों के सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत हैं। भारत और फिजी के बीच संबंध 1879 में शुरू हुए जब ब्रिटेन सरकार भारतीय मजदूरों को अनुबंध प्रणाली के तहत फिजी ले गई थी। राबुका की भारत यात्रा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फिजी यात्रा के एक साल बाद हो रही है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री राबुका की यात्रा भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। इसमें कहा गया, यह यात्रा सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और गहरा करने की दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

**आज पीएम मोदी से होगी मुलाकात**

अपनी भारत यात्रा के दौरान फिजी के प्रधानमंत्री आज सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से फिजी के पीएम के लिए लंच का आयोजन होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अगस्त 2024 में फिजी का दौरा किया था।भारतीय विदेश मंत्रालय का मानना है कि प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

पुतिन और जेलेंस्की आएंगे भारत

# ट्रंप के बस की बात नहीं, पीएम मोदी रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई ग्लोबल लीडर कहता है तो कोई उनकी सराहना करने से नहीं थकता है। जिस काम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं कर पाए उसे पीएम मोदी पूरा करने जा रहे हैं। वो है रूस-यूक्रेन के बीच शांति बहाल कराना। ट्रंप का मानना है कि भारत रूस से लगातार तेल खरीद रहा है इसके कारण यह युद्ध अनवरत जारी है।

इन तमाम आरोप प्रत्यारोपों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की खबरें सामने आई। वहीं, अब भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत यात्रा की बात कही है। भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कहा कि रूस के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को देखते हुए यूक्रेन भारत को संभावित शांति वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखता है। जेलेंस्की की भारत यात्रा के बारे में पूछे जाने वाले पर राजदूत ने कहा, दोनों देश यात्रा की



तारीख और वार्ता के विषय को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जल्द ही इसका ऐलान कर दिया जाएगा। राजदूत ने बातचीत में आगे कहा, हम यूक्रेन में शांति-निर्माण प्रक्रिया में भारत की अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं। मेरा मानना है कि हमारी सभी बैठकें इस बात पर चर्चा का हिस्सा होंगी कि भारत सीधे या परोक्ष रूप से रूस के साथ राजनीतिक बातचीत में कैसे शामिल हो सकता है। विशेष रूप से रूस और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को ध्यान में रखते हुए हमें इसकी उम्मीद है।यूक्रेनी राजदूत ने एक लेख में भारत-यूक्रेन संबंधों के बारे में चर्चा की है। उन्होंने लिखा, यूक्रेन के तीन राष्ट्रपतियों ने भारत का आधिकारिक दौरा किया।

**एक संयुक्त रोडमैप पर हस्ताक्षर की संभावना**

*दोनों देशों के विदेश मंत्रालय और राजनयिक मिशन इस साझा उद्देश्य को लागू करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत की आगामी यात्रा के दौरान रणनीतिक साझेदारी के लिए एक रोडमैप पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। 23 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोला। इसने रणनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए दोनों लोकतंत्रों के नेताओं की आकांक्षा की पुष्टि की।*

**दोनों देशों के बीच नियमित हुई टेलीफोनिक वार्ता**

जबकि भारत के दो राष्ट्रपतियों ने यूक्रेन का दौरा किया। 2021 तक यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले द्विपक्षीय व्यापार लगभग 3.4 अरब तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा, एक लंबे विराम के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री के बीच पहली बैठक नवंबर 2021 में ग्लासगो में जलवायु शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। मई 2023 से ऐसी बैठकें और टेलीफोन वार्ता नियमित हो गई हैं।

**खबर संक्षेप**

### एआई से महिला की खोई हुई आवाज आई वापस!


**नई दिल्ली।** एआई की मदद से एक महिला सालों बाद अपनी आवाज में बोल पा रही हैं। ब्रिटिश आर्टिस्ट सारा एज़ेकील मोटर न्यूरॉन रोग से पीड़ित हैं,



जिसकी वजह से उनकी बोलने की क्षमता चली गई थी। लेकिन एआई और एक पुराने होम वीडियो के बमुश्किल सुनाई देने वाले सिर्फ 8 सेकेंड के क्लिप की बदौलत एक बार फिर अपनी आवाज़ में बात कर पा रही हैं। एआई ने उस पुराने ऑडियो से उनकी आवाज़ के उच्चारण, लहजे और भाव को समझा और फिर से सारा की असली आवाज़ तैयार की।

### पाकिस्तान के मददगारों को भारतीय सिखा रहे सबक

**अंकारा।** पाकिस्तान के मददगारों तुर्की और अजरबैजान पर भारतीय पर्यटकों ने सर्किकल स्ट्राइक किए हैं।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में अजरबैजान जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में करीब 66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट सीधे-सीधे ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अजरबैजान की तरफ से पाकिस्तान को खुलेआम समर्थन देने के बाद आई है।जानकारी के मुताबिक जून के महीने में सिर्फ 9,934 भारतीय पर्यटक अजरबैजान पहुंचे थे।

# भारत-जर्मनी के बीच 70 हजार करोड़ की सीक्रेट डील, थर्राई दुनिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किसी भी देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए एक मजबूत और आधुनिक नौसेना का होना बेहद जरूरी है। वहीं, इस ताकत का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा पनडुब्बियां होती हैं, जो समुद्र के नीचे रहकर दुश्मन पर गुप्त रूप से हमला करने में सक्षम होती हैं। भारत भी अपनी पनडुब्बी बेड़े को आधुनिक बनाने की राह पर है। अब, इस जरूरत को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है, जो न केवल भारतीय नौसेना की क्षमताओं में जबरदस्त इजाफा करेगी, बल्कि भारत को पनडुब्बी निर्माण में भी एक प्रमुख राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगी। केंद्र सरकार ने प्रोजेक्ट 75 (इंडिया) के लिए 6 पारंपरिक पनडुब्बियों की खरीद के लिए जर्मनी के साथ बातचीत शुरू करने को हरी झंडी दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक यह डील करीब 70 हजार करोड़ रुपए की है, जो भारत की सबसे बड़ी रक्षा परियोजनाओं में से एक है। वहीं, इस प्रोजेक्ट में भारत की ओर से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और जर्मनी की ओर से उसकी रक्षा कंपनी थायसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स शामिल होगी। बता दें, ये पनडुब्बियां भारत में ही बनाई जाएंगी, जिससे देश की समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को एक बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

**इंडियन नेवी को मिलेंगी 6 एडवांस पनडुब्बियां**



**एआईपी तकनीक से लैस होंगी ये पनडुब्बियां**

इन पनडुब्बियों की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि ये एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन यानी एआईपी तकनीक से लैस होंगी। आपको बता दें, एआईपी एक ऐसी प्रणाली है जो पनडुब्बियों को अपनी बैटरी चार्ज करने के लिए बार-बार सतह पर आए बिना लंबे समय तक पानी के भीतर रहने की क्षमता होती है। वहीं, पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को अपनी बैटरी चार्ज करने के लिए हर कुछ दिनों में सतह पर आना पड़ता है, जिससे उनका पता चलने का जोखिम बढ़ जाता है एआईपी तकनीक से लैस पनडुब्बियां महीनों तक पानी के भीतर रह सकती हैं, जिससे वे दुश्मन के लिए पता लगाना बेहद मुश्किल हो जाती हैं।

हेली ने चेताया
भारत ट्रंप की बात को गंभीरता से ले

# चीन से मुकाबले के लिए अमेरिका को भारत की पड़ेगी बड़ी जरूरत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत को एक ऐसा मित्र बताया, जिसकी चीन से मुकाबला करने के लिए अमेरिका को जरूरत है। साथ ही हेली ने भारत से रूसी तेल के संबंध में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेने को कहा।



हेली ने कहा है कि भारत को रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए और व्हाइट हाउस के साथ मिलकर जल्द समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जितना जल्दी होगा, उतना बेहतर होगा।अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में निक्की हेली ने लिखा, दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक ताकतों के बीच दशकों से चली आ रही दोस्ती और भरोसा मौजूदा मतभेदों से आगे बढ़ने की मजबूत नींव है।

**भारत और अमेरिकी संबंध नाजुक मोड़ पर**

अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली ने साफ किया कि व्यापार विवाद और रूस से तेल आयात जैसे मसलों पर कठिन बातचीत जरूरी है, लेकिन साझा लक्ष्य सबसे अहम हैं। निक्की हेली के मुताबिक, चीन का सामना करने के लिए अमेरिका को भारत जैसे दोस्त की जरूरत है। इससे पहले भी निक्की हेली चेतावनी दे चुकी हैं कि भारत-अमेरिका संबंध एक नाजुक मोड़ पर खड़े हैं। उन्होंने न्यूजवीक में लिखे लेख में कहा था कि रूस तेल और टैरिफ विवाद को दोनों देशों के रिश्तों में स्थायी दरार का कारण नहीं बनने देना चाहिए।

उत्तर कोरिया लगातार बढ़ा रहा ताकत

# नई एंटी एयर मिसाइलें तैयार किम जोंग ने किया निरीक्षण

एजेंसी ▶▶ सियोल

उत्तर कोरिया लगातार अपनी युद्धक क्षमता को बढ़ा रहा है। देश ने अब दो नई एंटी एयर मिसाइलें तैयार की हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने इन मिसाइलों का निरीक्षण देखा।



माना जा रहा है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी क्षमता को प्रदर्शन किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि शनिवार को हुए परीक्षण से यह साबित हो गया कि मिसाइलें ड्रोन और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों का मुकाबला करने में प्रभावी हैं। किम ने अगले साल होने वाले एक प्रमुख राजनीतिक सम्मेलन से पहले रक्षा वैज्ञानिकों को कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि किन मिसाइलों का परीक्षण किया और यह कहां हुआ? यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यांग जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ शिखर सम्मेलन के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं।

गगनयान मिशन पर जाने वालों को किया सम्मानित

शुभांशु ने अंतरिक्ष में किया हनुमान चालीसा का पाठ

# शुभांशु शुक्ला के लिए बोले राजनाथ सिंह: हनुमानजी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर धरा पर लौटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप



कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है। सभी देशवासियों को आप सभी पर गर्व है। आप सभी ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा योगदान केवल अंतरिक्ष में उपग्रह भेजने तक ही सीमित नहीं है।

**चंद्रमा से लेकर मंगल तक भारत की उपस्थिति**

**शुभांशु शुक्ला बजरंग बली के भक्त**

राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला के बारे में आगे कहा कि मुझे यह भी बताया गया कि आप (शुभांशु शुक्ला) भी बजरंग बली के भक्त हैं। और आपने वहां (अंतरिक्ष में) कई बार हनुमान चालीसा पढ़ी होगी। आज हनुमान जी का एक भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा है और हम सबके बीच मौजूद है। मेरा मानना है कि यह सिर्फ विज्ञान की जीत नहीं है।

**यह आत्मनिर्भर भारत का एक अध्याय**

आज भारत चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। मैं इसे केवल एक तकनीकी उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के एक नए अध्याय के रूप में देखता हूं, जहां हम दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष शक्तियों के बीच पूरे गौरव के साथ खड़े हैं। हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं जहां अंतरिक्ष अब केवल सैन्य शक्ति या तकनीकी कौशल का प्रतीक नहीं रह गया है।



# सनी ने की आर्यन की तारीफ, कहा-चक दे फट्टे

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, 'प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा। चक दे फट्टे'।

लाइफ Style



# नोरा

## मुझे बहुत पसंद है कॉमेडी

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने अपनी आगामी फिल्म 'उफ्फ ये सियाप्पा' का पहला लुक सोशल मीडिया पर जारी किया। इस फिल्म में नोरा कामिनी के दमदार और आकर्षक किरदार में नजर आएंगी। जो एक ऐसी फिल्म की नींव रखता है, जो अनोखी और मनोरंजक होने का वादा करती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यह फिल्म लव रंजन फिल्म्स के बैनर तले बनी है और इसे सोशल मीडिया पर इस कैप्शन के साथ साझा किया गया। नोरा ने बताया कि यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है।


सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, नोरा ने अपनी उत्सुकता ज़ाहिर करते हुए कहा, मैं सुबह 'घोषणा देखकर उठी, एक ऐसी फिल्म, जिस पर मैंने महामारी के अंत के समय काम किया था। काफ़ी वक़्त हो गया है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है। मैं यह देखने के लिए वाकई उत्साहित हूँ कि यह कैसी बनती है क्योंकि जब हमने इसे शूट किया था, तो हमने इसे बिना किसी डायलॉग के शूट किया था। तो यह एक बहुत ही भावपूर्ण फिल्म है। और यह बहुत ही अभिव्यक्तिपूर्ण फिल्म है। इसमें बेहतरीन कलाकारों की टीम है, कुछ शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने इसकी शूटिंग के दौरान बहुत मजा किया। यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है। मैं इसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# टायला के सेहत को लेकर उठे सवाल

**लॉस एंजेलिस।** साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्यॉरिटी गार्ड गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना ब्राज़ील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं।




# मिली बॉबी ब्राउन के घर आई नन्ही परी

**लॉस एंजेलिस।** नेटफ्लिक्स की पॉपुलर वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन के घर नन्ही परी ने दस्तक दी है। एक्ट्रेस 21 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गई हैं। इस गुड न्यूज को उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर की है। पोस्ट में मिली ने बताया है कि उन्होंने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटी को गोद लिया है। इस खबर के आते ही फैंस क्यूट कपल को बधाई दे रहा है। एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'इस गर्मी, हमने को गोद लेकर अपनी बेटी का वेलकम किया है। हम शांति और प्राइवेसी के साथ पेरेंट्स बनने के इस खूबसूरत फेज को शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।



# सोनाक्षी करेंगी दहाड़-2 से शानदार वापसी

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा दहाड़ से अपना डिजिटल डेब्यू किया था, जिसका निर्देशन कागती ने किया था। यह शो बेहद सफल रहा था और अब यह जोड़ी दहाड़ 2 के लिए फिर से साथ आने वाली है। सूत्रों के अनुसार, रीमा कागती ने दहाड़ 2 की पटकथा तैयार कर ली है और दिसंबर 2025 में शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। स्क्रिप्ट तैयार है और वेब सीरीज़ अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। सोनाक्षी सिन्हा एसआई अंजलि भाटी की भूमिका निभाने के लिए वापसी करेंगी, जबकि अन्य किरदारों की कास्टिंग अभी चल रही है। दहाड़ की तरह, दूसरे सीजन में भी एक दमदार अभिनेता खलनायक की भूमिका में होगा और इसके लिए भी कास्टिंग चल रही है। दहाड़ 2 भारतीय समाज की वास्तविकताओं पर आधारित एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक थ्रिलर के रूप में जारी रहेगा।



# फिल्म धुरंधर के ट्रेलर को मिली मंजूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जब से फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तब से इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज का भी रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि सीबीएफसी की इसे मंजूरी मिल गई है। सीबीएफसी ने धुरंधर के ट्रेलर को यू/ए रेटिंग के साथ मंजूरी दी है। यानी कि अब ट्रेलर रिलीज का रास्त साफ हो गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, ट्रेलर 2 मिनट 42 सेकंड का है। हालांक, निर्माताओं ने अभी तक ट्रेलर की रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। रणवीर के जन्मदिन के अवसर पर 6 जुलाई को 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ था, जिसे टीजर भी कहा गया था। इस टीजर में रणवीर दमदार अंदाज में दिखे थे।

# रणबीर-आलिया का नया घर 250 करोड़ में तैयार, जल्द करेंगे गृह प्रवेश

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के बंगले का वीडियो फिर से वायरल हो रहा है। इसका डिजाइन चर्चा में आ गया है। करोड़ों रुपए के बंगले की एक झलक देखकर हर कोई इसका मजाक उड़ा रहा है। हालांकि, करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी, आलिया-रणबीर का नया घर फैंस को पसंद नहीं आ रहा है।



**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक हैं। दोनों जल्द ही मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित अपने नए आलीशान बंगले में शिफ्ट होने वाले हैं। कपल का आलीशान बंगला अब पूरी तरह बनकर तैयार है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के नए 6 मंजिला आशियाना बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपए बताई जा रही है। खबर है कि दोनों बहुत जल्द अपने नए घर में गृह प्रवेश करने वाले हैं।

इस हवेली में आधुनिक डिज़ाइन, रुफटॉप गार्डन और हरी-भरी बालकनी है। इसे ग्रे रंग और काले बॉर्डर से रंगा गया है। यह घर कई सालों से कपूर परिवार के पास है। पहले इसके मालिक राज कपूर थे, फिर ऋषि और नीतू कपूर। अब यह उनकी बेटी राहा के नाम पर रजिस्टर्ड है।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस 19 का आगाज, घरवाले चलाएंगे 'अपनी सरकार'



**मुंबई।** टेलीविजन का सबसे बड़ा और विवादित रियलिटी शो, बिग बॉस, एक नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। 24 अगस्त को इसका ग्रैंड प्रीमियर है, जिसे सलमान खान होस्ट करेंगे। इस बार शो की थीम 'घरवालों की सरकार' है, जिसमें प्रतियोगियों को फैसले लेने का अधिकार दिया गया है। इस साल, बिग बॉस अपनी पारंपरिक भूमिका से हटकर सिर्फ नियम बनाने तक सीमित रहेगा, जबकि घर के अंदर के सभी फ़ैसले खुद प्रतियोगी लेंगे। दर्शकों के पास वोटिंग का अधिकार पहले की तरह रहेगा, लेकिन शो की पूरी बागडोर अब 'घरवालों' के हाथ में होगी। एंडेमोल शाइन के सीओओ, ऋषि नेगी के अनुसार, इस थीम को पिछले सीजन्स की प्रतिक्रिया और आलोचनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।



# म्यूजिकल ड्रामा में नजर आएंगी श्रद्धा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर एक बार फिर से सुर्खियों में है। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'स्त्री 2' में देखा गया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड बनाए। लेकिन इसके बाद श्रद्धा कपूर जैसे बड़े पर्दे से गायब ही हो गई। लेकिन खबर है कि जल्द ही श्रद्धा कपूर फिर से नए अवतार में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। उनकी नई फिल्म एक पीरियड म्यूजिकल ड्रामा होगी। चलिए देखते हैं कि श्रद्धा की नई फिल्म कैसी होगी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर फिर से मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन के साथ करने वाली है। वह मैडॉक फिल्म्स की अगली पीरियड म्यूजिकल ड्रामा में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। ये फिल्म डांसर के जीवन पर आधारित एक अनोखी पीरियड ड्रामा होगी। खबरें हैं कि इस फिल्म के किरदार के लिए श्रद्धा कपूर ने क्लासिकल डांस की स्पेशल ट्रेनिंग शुरू कर दी है। श्रद्धा कपूर की इस फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उटेकर करेंगे, उन्होंने ही साल 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो गया है। फिल्म के मेकर्स इस फिल्म को नवंबर 2025 में फ्लोर पर लाने की प्लानिंग बना रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 6 महीने में पूरी की जाएगी। इसके बाद साल 2026 में फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। बता दें कि खबर थी कि श्रद्धा कपूर 'स्त्री 2' के बाद एकता कपूर की एक फीमेल लीड फिल्म में काम करेंगी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण ये डील रद्द हो गई।


# कांतारा: चैप्टर 1' ने रिलीज से पहले कमाए 100 करोड़

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने पूरे भारत में धूम मचा दी थी। अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा: चैप्टर 1' रिलीज के लिए तैयार है, जिससे जुड़े एक-एक अपडेट पर प्रशंसक नजर बनाए हुए हैं। फिल्म के धांसू पोस्टर पहले ही दर्शकों के रोंगटे खड़े कर चुके हैं। अब खबर है कि इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने तेलुगू राइट्स बेचकर मोटी कमाई कर ली है। 'कांतारा' की सफलता इस बात की गवाही थी कि इसका अगला भाग आएगा तो धमाका होगा और इस धमाके की उम्मीद ने ही इसके निर्माताओं को इतनी तगड़ी कमाई करवा दी है कि आंकड़े देखकर इंडस्ट्री वालों की आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 125 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के तेलुगू थिएट्रिकल राइट्स 100 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कीमत पर बिके हैं।

स्क्रिप्ट की एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि फिल्म करनी है या नहीं

# मिथुन की एक समय में होती थी 65 फिल्में फ्लोर पर, साल में 19 फिल्मों में काम करने का रिकॉर्ड

**मुंबई।** एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में खुलासा किया कि एक समय में उनकी 65 फ़िल्में फ्लोर पर थीं। एक खास बातचीत में मिथुन से पूछा गया कि 80 और 90 के दशक में वह सालाना कितनी फ़िल्में करते थे। सभी को चौंकाते हुए उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक समय में हमारी 65 फ़िल्में फ्लोर पर होती थीं। मेरे नाम एक साल में 19 फ़िल्में रिलीज करने का लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, तो आप उस काम के बोझ का अंदाज़ा लगा सकते हैं। मैं 380 फ़िल्में कर चुका हूं।" उनसे यह भी पूछा गया, "ऐसे दौर में जब ज़्यादातर अभिनेता सालाना कम फ़िल्में करते हैं, आपको इतनी सारी फ़िल्में करते रहने की प्रेरणा क्या देती है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सिर्फ़ एक फ़िल्म कैसे करते हैं, कहते हैं कि पढ़ते हैं। लेकिन उसके बाद क्या होता है, आप स्क्रिप्ट कितनी बार पढ़ सकते हैं।



**कृपया सच जानें**

मिथुन ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि नोआखली में क्या हुआ था? यह मेरे जन्म से पहले हुआ था। बस इतना ही पता है कि 'बहुत से लोग मारे गए बस। कलकत्ता नरसंहार के मामले में भी यही हुआ था। कोई नहीं जानना चाहता कि यह कैसे और क्यों हुआ, लेकिन विवेक अग्निहोत्री कह रहे हैं, कृपया सच जानें। मिथुन ने आगे कहा, नोवाखाली में एक नरसंहार हुआ था, जिसमें लगभग 40 हजार हिंदू मारे गए थे, कलकत्ता नरसंहार में भी यही हुआ था, और लोग इसका विरोध करेंगे। यही सच है, और जैसे ही कोई सच की बात करता है, वह राजनीति से प्रेरित हो जाता है। हम इसमें क्या कर सकते हैं?

## कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता

*मिथुन ने आगे कहा, अब मैं सिर्फ़ वही फ़िल्में करता हूं, जो मुझे मेहनताना देती हैं। जैसे मैं प्रभास के साथ "फ़ौजी" कर रहा हूं। यह एक देशभक्ति से भरपूर पारिवारिक ड्रामा है, और रजनी (रजनीकांत) के साथ जेलर 2 एक अलग तरह की फिल्म है। प्रजापति 2 एक अलग तरह की फ़िल्म है, इसलिए मेरे लिए यह सब आसान है। मिथुन ने अपनी हालिया फ़िल्म "द बंगाल फ़ाइल्स" को लेकर हुए विरोध और विवाद के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप सच्चाई दिखाते हैं, वह राजनीति से प्रेरित हो जाती है। उन्होंने कहा, जैसे ही आप हकीकत दिखाते हैं, वह अपने आप राजनीति से प्रेरित हो जाती है। यह आश्चर्यजनक है कि कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता।*

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप: सेन और सिंधू के सामने कड़ी चुनौती, सात्विक-चिराग से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा जबकि पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं।




## प्रणय भिड़ेंगे फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से

विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है। पुरुष युगल में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पहले दौर में बाई मिली है और वे दूसरे दौर में हमवतन हरिहरन अम्साकरुनन और रूबेन कुमार या चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से खेलेंगे। मिश्रित युगल में 16वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे का पहला मुकाबला मकाऊ के लियोंग लोक चोंग और वेंग ची एनजी से होगा। महिला युगल में प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा तथा पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगे।



## सिंधू का पहला मुकाबला कालोयाना नलबांटोवा से

अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपन : स्नेहा, प्रणवी और हिताशी ने बनाई कट में जगह

**गोटेनबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह, प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रही। पहली बार लेडीज़ यूरोपियन टूर में खेल रही स्नेहा ने पहले राउंड के 72 के स्कोर के बाद दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं। प्रणवी (76-72) और हिताशी (74-75) क्रमशः संयुक्त 41वें और संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ी अमनदीप द्राल (77-77), त्वेसा मलिक (79-76), अवनि प्रशांत (72-84) और वाणी कपूर कट से चूक गईं, जो सात ओवर पार पर गया था। वाणी दूसरे राउंड में रिटायर हो गईं थी। जर्मनी की लियोनी हार्म और स्वीडन की मेजा ऑर्टेनग्रेन संयुक्त बढ़त पर हैं।

### डीपी वर्ल्डः संयुक्त 46वें स्थान पर अहलावत



**सुटोन कोल्डफील्ड।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने डीपी वर्ल्ड टूर पर बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के तीसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 46वें स्थान पर बने हुए हैं। अहलावत (73-71-71) ने तीसरे दौर में चार बर्डी, एक ईगल और पांच बोगी लगाई। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 40वें स्थान पर बने हुए हैं।

### एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच बने गांगुली



**सेंचुरियन।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को 2026 सत्र से पहले एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। यह किसी टीम का मुख्य कोच बनने का उनका पहला कार्यकाल होगा। गांगुली इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे, जिनके पद छोड़ने की घोषणा शनिवार को की गई थी। सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हमें सौरव गांगुली को अपना नया मुख्य कोच घोषित करते हुए बेहद खुशी हो रही है।' यह पहली बार होगा जब गांगुली किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच होंगे। 2018 और 2019 के बीच गांगुली आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक थे। बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने यह पद छोड़ दिया था। प्रिटोरिया कैपिटल्स का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है, जो दिल्ली कैपिटल्स का सह-मालिक है।

### हेड और मार्श ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले विकेट के लिए 250 रन की सबसे बड़ी साझेदारी की

# ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत, द. अफ्रीका को रिकॉर्ड अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| मैके

तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 276 रनों से हराया। ये वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के तीसरे वनडे मैच में ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरून ग्रीन ने मिलकर धमाका कर दिया। तीनों बल्लेबाजों ने शतक ठोककर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को हैरान औऱ परेशान कर दिया। पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने शतक जमाया फिर कैमरुन ग्रीन ने केवल 47 गेंद पर शतक ठोककर इतिहास रच दिया। ग्रीन वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने गए। बता दें कि वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक ग्लेन मैक्सवेल ने जमाया था। मैक्सवेल ने केवल 40 गेंद पर शतक लगाने का कमाल किया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने इतिहास रचा दिया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 250 रन की साझेदारी की।

- कैमरून ने 47 गेंदों में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरा सबसे तेज वनडे शतक बनाया




### साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे ओपनिंग साझेदारी

- 250* ट्रेविस हेड-मिचेल मार्श, मैके, 2025
- 200 विक्रम सोलंकी-मार्कस ट्रेस्कोथिक, द ओवल, 2003
- 193 सौरव गांगुली-सचिन तेंदुलकर, जोहान्सबर्ग, 2001
- 193 शिवनारायण चंद्रपॉल-क्रिस गेल, जोहान्सबर्ग, 2004

### वनडे में ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च स्कोर

- 434/4 बनाम साउथ अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, 2006
- 431/2 बनाम साउथ अफ्रीका, मैके, 2025*
- 417/6 बनाम अफगानिस्तान, वाका, 2015
- 399/8 बनाम नीदरलैंड, दिल्ली, 2023

ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाकर बड़ा स्कोर बनाया

### कैमरुन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की तूफानी पारी खेली

*बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाए, जिसमें ट्रेविस हेड ने 103 गेंद पर 142 रन की पारी खेली, हेड ने 17 चौके और 5 छक्के लगाकर धमाका किया। वहीं, मिचेल मार्श ने 106 गेंद पर 100 रन की पारी खेली, मार्श ने अपनी पारी में 6 चौके और 5 छक्के लगाए, इसके अलावा कैमरुन ग्रीन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की की तूफानी पारी खेली, ग्रीन ने अपनी धमाकेदार पारी में 6 चौकै और 8 छक्के लगाने का कमाल किया। वनडे में ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले साल 2006 में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही 434 रन का स्कोर बनाया था।*

टेनिस हॉल ऑफ फेम

# शारापोवा और ब्रायन बंधु को मिला नया उपहार



एजेंसी ▶▶| न्यूपोर्ट (अमेरिका)

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट दिया गया, जो हॉल ऑफ फेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है।

### 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में होगी शामिल सेरेना

इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स उपस्थित थीं। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होगी। सेरेना ने कहा, 'मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।'

### सेरेना ने मुझे प्रेरित किया : मारिया

इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है, जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।' विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाईयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# मीराबाई की वापसी, भारोत्तोलकों की नजरें ज्यादा पदक जुटाने पर




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

टोकियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी, जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं, जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें।

### पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं : चानू

चानू ने कहा, 'मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं, जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है।' चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं, जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है। जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।

### महिला टेस्ट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

ब्रिस्बेन। ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया। एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी ड्रेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज ट्रेनामन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारतीय आक्रमण पर दबाव बना दिया।

# एशिया कपः अफगानिस्तान टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा, राशिद संभालेंगे कमान

एजेंसी ▶▶| काबुल

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक राशिद खान को 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए अफगानिस्तान का कप्तान नियुक्त किया गया। अफगानिस्तान की टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा है। कप्तान के अलावा टीम में अन्य स्पिनरों में नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, एएम गजनफर और अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शामिल हैं। पिछले वर्ष अफगानिस्तान टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचा था।

### जजई और अकबरी टीम से बाहर

जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलने वाली टीम से हजरतुल्लाह जजई और जुबैद अकबरी को एशिया कप की टीम में शामिल नहीं किया गया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इशाक




टीम में दो विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में नवीन उल हक, फजलहक फारुकी और फरीद मलिक शामिल हैं। अफगानिस्तान को ग्रुप बी में बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि ग्रुप ए में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई शामिल हैं। राशिद की अगुवाई वाली टीम एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 9 सितंबर को हांगकांग के खिलाफ करेगी।

# सिंकफील्ड कपः गुकेश का सामना फिरोजा और प्रज्ञाननंदा का डूडा से

**सेंट लुई।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे जबकि उनके हमवतन आर. प्रज्ञाननंदा का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्सटॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञाननंदा ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।



### आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत, 5-0 से दी मात

# इंग्लिश प्रीमियर लीग: कम उम्र, बड़ा खेल, डाउमैन का तूफानी प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| लंदन

विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

ग्योकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमैन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस किशोर खिलाड़ी ने स्टॉपेज टाइम में अपनी टीम के लिए पेनल्टी हासिल की, जिसे ग्योकेरेस ने गोल में बदला।

- आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने मैक्स डाउमैन



### टॉटेनहैम की मैनचेस्टर सिटी पर प्रभावशाली जीत

इस बीच टॉटेनहैम ने नए कोच थॉमस फ्रैंक के नेतृत्व में प्रीमियर लीग सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ब्रेनन जॉनसन और जोआओ पल्हिन्हा के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी पर 2-0 की प्रभावशाली जीत हासिल की।

### बार्सिलोना का विजय अभियान जारी, लेवांटे को 3-2 से हराया



बार्सिलोना। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा। शीर्ष लीग में जगह बनाने वाले लेवांटे ने मध्यांतर तक दो गोल की बढ़त हासिल करके सबको चौंका दिया था। गत विजेता बार्सिलोना को दूसरे हाफ में पेड्री गोंजालेज और फेरान टोरेस ने बराबरी दिलाई। इसके बाद लेमिन यामल ने विजयी गोल करने में मदद की जब उनके क्रॉस पर लेवांटे के उनाई एल्गेज़ाबल ने गेंद को अपने ही नेट में पहुंचा दिया। यह आत्मघाती गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले लेवांटे के स्ट्राइकर इवान रोमेरो ने 15वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जोस लुइस मोरालेस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने एल्चे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त गंवा दी। एक अन्य मैच में मालोर्का ने सेल्टा विगो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांटे।






### सम्राट महाबली और महाविष्णु का पर्व

# मलयाली समाज ने वामन के स्वागत की तैयारियां की शुरू, बनाई विराट रंगोली

**भोपाल।** वीडी नायर कॉम्प्लेक्स, महाबली नगर एवं आसपास के मलयाली समाज की ओर से सम्राट महाबली और महाविष्णु के अवतार वामन के स्वागत के लिए तैयारियां की गईं। 20 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस समारोह की इस बार की थीम कथकली है, जो केरल की शास्त्रीय और पारंपरिक कला का प्रतीक है। इसी के तहत रविवार को एक विशाल पूक्कलम (फूलों की रंगोली) बनाई गई। मान्यताओं के अनुसार पूक्कलम से भगवान वामन (विष्णु के अवतार) का जन्मोत्सव एवं सम्राट महाबली का स्वागत भी किया जाता है। वीडी नायर कॉम्प्लेक्स, महाबली नगर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



### दांपत्य सुख व मंगलकामनाओं का त्यौहार

# सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग में कल मनेगी हरितालिका तीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हरितालिका तीज श्रद्धा-भक्ति के साथ महिला व्रत सोमवार को रखेंगी। यह पर्व अखंड सौभाग्य, दाम्पत्य सुख और मंगलकामनाओं की प्राप्ति के लिए महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं श्रद्धा-भक्ति से करती हैं। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार तीज व्रत के दिन चार विशिष्ट योगों- सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग का अद्भुत संयोग बन रहा है, जिससे इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है। इस योग में पूजा करने से शत प्रतिशत मनोकमनाएं पूरी होती है। ब्रह्मा योग को भी एक दुर्लभ योग माना जाता है, जो ज्ञान का स्रोत माना गया है। इस योग में साधक सच्चे मन से पूजा करते हैं तो इससे स्वास्थ्य,बुद्धि, धन और बल की प्राप्ति होती है।

#### उदय तिथि के चलते 26 को रखा जाएगा व्रत

*पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुभ ग्रहीय स्थिति लंबे समय बाद बन रही है, जो व्रतधारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। पूजन का मुहूर्त भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 25 अगस्त की दोपहर 12:34 बजे प्रारंभ होकर 26 अगस्त की दोपहर 1:54 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार तीज व्रत 26 अगस्त को ही रखा जाएगा। अतः पूजन कार्य सूर्यास्त से पूर्व कर लेना उत्तम रहेगा। 27 अगस्त को व्रत का पारण हरितालिका तीज व्रत का पारण 27 अगस्त को चतुर्थी तिथि में किया जाएगा।*

#### ऐसे करें पूजा-अर्चना

*पूजन के लिए मिट्टी, रजत या स्वर्ण धातु से निर्मित शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर पंचोपचार, दशोपचार या षोडशोपचार विधि से पूजन करें। इसके साथ ही श्रीगणेश की भी विधिपूर्वक आराधना की जाती है।*

### राजधानी में गणेशोत्सव को लेकर भक्ति चरम पर

# परंपरा और पर्यावरण दोनों की रक्षा का संकल्प, बनाईं आकर्षक प्रतिमाएं

### संस्कार भारती में हुई मिट्टी गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला

**भोपाल।** कला क्षेत्र की राष्ट्रीय संस्था संस्कार भारती द्वारा हर-घर मिट्टी गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वास सारंग, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी परंपरा और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। कार्यशाला में विभिन्न आयु वर्ग महिला और बच्चों ने प्रतिभागियों के तौर पर उत्साहपूर्वक सहभागिता कर प्राकृतिक मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाईं और यह सीखा कि बिना प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक रंगों का प्रयोग किए सुंदर एवं पर्यावरण हितैषी मूर्तियां किस प्रकार तैयार की जा सकती हैं।



### गणेश प्रतिमाओं के निर्माण का दिया प्रशिक्षण

*माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर शारदा विहार, शासकीय नवीन उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय नरेला शंकरी, ज्ञानदीप शिक्षा एवं चिकित्सा समिति मनीषा मार्केट, जन माध्यम संस्था भवानी कैंपस नरेला तथा झूलेलाल मंदिर संत हिरदाराम नगर, बैरसिया विकासखंड में शासकीय माध्यमिक शाला कलारा, शासकीय माध्यमिक शाला सोनकच्छ, मांटेसरी पब्लिक स्कूल, शासकीय माध्यमिक शाला सुनगा, रैंकर्स पब्लिक स्कूल बैरसिया में मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं के निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रतिभागियों को मूर्ति बनाने के साथ-साथ विसर्जन के नियमों से भी अवगत कराया गया।*





### विविध छवियों पर व्याख्यान किया प्रस्तुत

# पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित

गणेश चतुर्थी के अवसर पर मध्यावर्त और हरितिमा द्वारा आयोजित पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के पहले सत्र में पुरातत्व इंडिया के संस्थापक एवं पुरातत्वविद् शिवाजी राय ने प्राचीन गणपति मूर्तिशिल्प एवं उनकी कालानुसार विकसित विविध छवियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में सुप्रसिद्ध एवं पुरस्कृत शिल्पकार अंकित ने प्रतिभागियों को अपनी स्वयं की पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा बनाने की कला सिखाई।

तीसरे एवं अंतिम सत्र में शिवाय द बैंड के फ्रंटमैन रोहित वणखेड़े ने अपनी मौलिक रचना गणेश वंदना का संगीतमय प्रस्तुतिकरण कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया

## समाजसेवी दीपक स्वहस्त निर्मित श्री गणेश प्रतिमा का वितरण करेंगे

पर्यावरण का संदेश देते हुए नगर बेरसिया के वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुद्ध मिट्टी के भगवान श्री गणेश की प्रतिमा हाथों से बनाकर निःशुल्क वितरण करेंगे। उन्होंने कहा है कि हमारे परिवार द्वारा इस जन कल्याणकारी परंपरा को निभाते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए भगवान श्री गणेश के प्रतिमाओं का शुद्ध वैदिक रीति खेत कीमिट्टी को उपचारित किया जाता है और इसके बाद हम गणेश जी के निर्माण करते है। हमारे द्वारा शास्त्रों अनुसार गणेश जी का प्रतिमा का निर्माण किया जाता है। इन प्रतिमा में एक पुष्प के पौधे का बीज भी उनके द्वारा रखा जाता है जिसके से कोई भी श्रद्धालु यदि अपने गमले में इस प्रतिमा का विसर्जन करेगा तो पुष्प का पौधा भी उसके साथ पुष्प का सृजन होगा गणेश प्रतिभाओं का वितरण गणेश चतुर्थी के दिन निःशुल्क किया जाता है।

## ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने की ट्रेनिंग का आज अंतिम दिन, अब तक 750 का किया निर्माण

*पर्यावरण विभाग की संस्था एप्को के लोकप्रिय ग्रीन गणेश अभियान के तहत चार दिवसीय ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का सोमवार को अंतिम दिन है। 22 से 25 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक चलाई जा रही इस कार्यशाला में लोग उत्साह से भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में मिट्टी और प्राकृतिक रंग निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रतिभागी अनुभवी मूर्तिकारों के मार्गदर्शन में मूर्ति अपने हाथों से बनाना सीख रहे हैं तथा स्वनिर्मित गणेश प्रतिमा निःशुल्क अपने घर ले जा रहे हैं। एप्को की चार दिवसीय इस ग्रीन गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला के तीसरे दिन रविवार को आम नागरिकों ने अपने बच्चों के साथ उत्साह से भाग लिया। इसमें आज करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने हाथों से निर्मित प्रतिमा निःशुल्क घर ले कर गए। वर्कशॉप में अब तक लगभग 750 प्रतिभागियों द्वारा अपने हाथों से ग्रीन गणेश की प्रतिमा का निर्माण किया जा चुका है। तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी वर्कशॉप के समन्वयक राजेश रायकवार द्वारा प्रतिभागियों को इस अभियान के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए पर्यावरण प्रदूषण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी गई। मूर्ति को प्राकृतिक रंगों से सजाने के साथ उनका विसर्जन घर पर ही करने का संकल्प लेने के लिये प्रेरित भी किया गया। मूर्ति बनाने के लिए एप्को के वास्तुविद कमलेश के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक मनीष, महेंद्र, शिवलाल, सुनील, राकेश और राजेंद्र द्वारा प्रतिभागियों की सहायता की।*

कार्यशाला लोगों ने उत्साह से लिया भाग, अब तक करीब 750 प्रतिभागियों ने लिया प्रतिमा के निर्माण में हिस्सा

### मंत्री सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग रहे शामिल

# लव-कुश जयंती पर कुशवाह समाज ने धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को धूमधाम से लव-कुश जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष कैलाश कुशवाहा ने बताया कि प्रांतीय कुशवाह समाज जिला भोपाल के तत्वावधान में लव कुश जन्म उत्सव एवं शोभा यत्रा 80 फिट रोड से निकाली गई। इसमें मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विशिष्ट अतिथि योगेश मानसिंह कुशवाहा, नारायण सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

#### बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

लव कुश भगवान की पूजा अर्चना की गई एवं आरती एवं प्रसाद का वितरण समारोह आयोजन किया। अध्यक्ष कैलाश कुशवाहा ने बताया कि भगवान राम के पुत्र लव और कुश के जन्म की खुशी में जयंती के रूप में मनाई जाती है। इस मौके पर महामंत्री आशीष कुशवाहा, प्रभारी मनोज कुशवाहा राहुल कुशवाहा राजू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### ठेंगड़ी भवन में विधि-विधान से गूंज उठे वैदिक मंत्र

# बाल पुरोहितों के मंत्रोच्चार की गूंज श्रम साधना केंद्र का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय ठेंगड़ी भवन में रविवार को श्रम साधना केंद्र का लोकार्पण गायत्री परिवार, भोपाल के बाल पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि हिरण्मय पंड्या अखिल भारतीय अध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ,रवीन्द्र हिमते,विशिष्ट अतिथि बी. सुरेन्द्रन शामिल हुए।

इस मौके पर रामनाथ गणोशे व कृष्ण प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह गुजर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर 28 राज्यों के भारतीय मजदूर संघ एवं श्रमिक संगठनों के प्रमुख की उपस्थित में लोकार्पण हुआ।

# रक्तदान महादान है, जिससे प्राप्त होता है दीघार्यु का वरदान : बीके डॉ. रीना दीदी

**भोपाल।** ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस, सहस्त्रबाहु नगर, सेवाकेंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संसार का सबसे श्रेष्ठ दान है, रक्तदान ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र की निदेशिका बीके डॉ. रीना दीदी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे दीघार्यु का वरदान प्राप्त होता है, रक्तदान जीवनदान है,जब हम किसी को रक्त देते हैं, तो हम केवल उसके शरीर की नहीं बल्कि आत्मा की जीवनयात्रा को भी आगे बढ़ाने का अवसर देते हैं। दीदी ने बताया कि एक यूनिट रक्त से 3-4 लोगों की जान बचाई जा सकती है और 24-48 घंटे में नया रक्त बन जाता है। रविवार को ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र के गुणमोती हॉल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों रक्तवीरों ने रक्तदान किया। विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान बड़े उमंग उत्साह के साथ आयोजित हो रहा है। महज दो दिन में ही 670 शिविरों में 50 हजार यूनिट रक्तदान हो चुका है। लक्ष्य 25 अगस्त तक 1500 शिविरों के जरिए एक लाख से अधिक यूनिट रक्त एकत्र करने का है, जो एक विश्व रिकॉर्ड साबित होगा।

### साइंस शो और लिक्विड नाइट्रोजन प्रदर्शन का भी किया गया आयोजन

# मेपकास्ट: द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, 105 छात्रों ने लिया प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग (सीसीएल) ने द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर 105 छात्रों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। यहां उन्होंने आर्यभट्ट से गगनयान तक भारत के अंतरिक्ष मिशनों की रोचक जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान सीसीएल के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पंकज गोदारा ने एसटीईएम शो का संचालन किया। टीम सदस्य अंजलि पांडेय और नीलू काची ने इसरो द्वारा संचालित अंतरिक्ष गतिविधियों पर सत्र लिया। टीम सदस्य करण सिंह भिंडे ने छात्रों के बीच वाटर रॉकेट लॉन्च शो का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में साइंस शो और लिक्विड नाइट्रोजन प्रदर्शन भी किया गया। इसने छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को समझने में मदद की।



#### पुरस्कार वितरण के बाद समापन

*समापन समारोह में डॉ. विवेक कटारे (कार्यकारी निदेशक एवं वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक, एमपीसीएसटी) ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। डॉ. कटारे ने अंतरिक्ष विज्ञान में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन वाटर एवं नाइट्रोजन रॉकेट के शानदार प्रक्षेपण के साथ हुआ, जो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों का प्रतीक था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930